

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -292 जबलपुर, शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### राहुल बोले भाजपा सांसदो ने मुझे धमकाया

## संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की के बाद राहुल गांधी पर हत्या के प्रयास का केस



नई दिल्ली-(आरएनएस)। संसद परिसर में आज सुबह के वक्त हुई धक्का-मुक्की के चलते बालासोर उड़ीसा से सांसद प्रताप सारंगी घायल हो गए. उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल ने एक सांसद को धक्का दियाए जो उनके ऊपर गिरा. श्री सारंगी जब मीडिया के सामने आए उस वक्त उनके सिर से खून निकल रहा था. सारंगी के अलावा फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई है, जिन्हे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. इस मामले को लेकर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर व बांसुरी स्वराज ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है.

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, राजीव शुक्ला व प्रमोद तिवारी ने मल्लिकार्जुन खडग़े से धक्का-मुक्की करने व खराब व्यवहार किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है. मामले में जब राहुल से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें धमकाते हुए धक्का-मुक्की की है. संसद के मेन गेट मकर द्वार का घेराव करके उन्हें संसद में एंट्री करने से रोका गया. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने भी कहा कि मेरे व प्रियंका के साथ धक्का-मुक्की की गई. खडग़े ने कहा कि धक्का लगने से उनके घुटने में चोट आई है.

पूरे घटनाक्रम की जानकारी पीएम नरेंद्र मोदी को दी गई इसके बाद उन्होंने दोनों सांसदों से फोन पर बात की और उनका हालचाल जाना. गौरतलब है कि आज सुबह संसद में इंडिया ब्लाक व भाजपा सांसद प्रदर्शन कर रहे थे. इंडिया ब्लॉक अंबेडकर पर शाह के बयान की निंदा और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा था. वहीं भाजपा सांसद भी अंबेडकर पर कांग्रेस की बयानबाजी का विरोध कर रहा था. इसी दौरान दोनों पक्षों के सांसद आमने-सामने आ गए और धक्का-मुक्की शुरू हो गई.

हालांकि कांग्रेस सासंद राहुल गांधी भी अपने साथियों के साथ घायल सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को देखने पहुंचे. हालांकिए उन्होंने सारंगी से क्या बातचीत की यह अभी सामने नहीं आया है. पत्रकारों ने मीडिया ने राहुल से सवाल पूछा कि विपक्षी सांसद धक्का-मुक्की का आरोप लगा रहे हैं तो उन्होंने कहा नहीं-नहीं, आपके कैमरा में होगा. ये पार्लियामेंट का एंट्रेंस है, मैं अंदर जाने की कोशिश कर रहा था. भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, मुझे धकेल रहे थे, मुझे धमका रहे थे. संसद में जाना हमारा अधिकार है, भाजपा के मेंबर्स हमें अंदर जाने से रोक रहे थे.

## भारी हंगामे के चलते नहीं चली संसद, राहुल गांधी की ओर से की गयी धक्का मुक्की में घायल हुए दो भाजपा सांसद आईसीयू पहुँचे





नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के संदर्भ में की गयी एक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों में आज भी कोई कामकाज नहीं हो पाया और बैठक दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके अलावा संसद परिसर में राहुल गांधी की ओर से की गयी धक्कामुक्की के दौरान घायल हुए दो भाजपा सांसदों के मुद्दे पर भी विपक्षी दल को जमकर घेरा जा रहा है। सुबह विपक्षी सदस्यों ने संसद परिसर में मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई धक्कामुक्की में दो भाजपा सांसद घायल हो गये। जहां तक घायल भाजपा सांसदों की बात है तो आपको बता दें कि दो सांसदों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शुक्ला ने कहा कि ओडिशा के प्रताप चंद्र सारंगी (69) और उत्तर प्रदेश के मुकेश राजपूत को सिर में चोट लगने के कारण संसद से अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने कहा, सारंगी का बहुत खून बह रहा था। उनके माथे पर गहरा घाव था। टांके लगाने पड़े। जब उन्हें लाया गया तो उनका रक्तचाप काफी बढ़ा हुआ था। डॉ. शुक्ला ने कहा, राजपूत के सिर में भी चोट लगी जिसके तुरंत बाद वह बेहोश हो गए। हालांकि, जब सांसद को अस्पताल लाया गया तो वह होश में थे। उनका रक्तचाप स्तर भी बढ़ गया था। आरएमएल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि दोनों सांसदों को दवाएं दी गई हैं, जबकि सिर के सीटी स्कैन और हृदय परीक्षण जैसी जांच जारी हैं। चिकित्सक ने कहा, वे दोनों आईसीयू में हैं।

### लोकसभा की कार्यवाही

दूसरी ओर, दोनों सदनों की कार्यवाही की बात करें तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के संदर्भ में की गयी एक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के कारण लोकसभा में कोई विधायी कार्य नहीं हो सका तथा बैठक एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

### राज्यसभा अध्यक्ष धनखड़ के पास रोती हुई आईं महिला सांसद, कहा- राहुल गांधी मेरे करीब आकर...



नई दिल्ली-(आरएनएस)। नागालैंड से भाजपा सांसद फांगनोन कोन्याक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ राज्यसभा सभापति के पास शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन पर संसद के बाहर भाजपा और कांग्रेस के एक साथ विरोध प्रदर्शन के दौरान उनके बहुत करीब खड़े होकर उनके साथ दुर्व्यवहार करने और असुविधा पैदा करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा की राज्यसभा सांसद फंगनोन कोन्याक ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी करीब आए। मुझे यह पसंद नहीं आया और उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। आज जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए...मैंने सभापति से भी शिकायत की है।

राज्यसभा में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने आज भाजपा के दो सांसदों को धक्का दिया, जो अब अस्पताल में भर्ती हैं। राहुल गांधी के व्यवहार के लिए पूरी कांग्रेस को संसद और देश से माफ़ी मांगनी चाहिए। संसद कोई कुश्ती का मैदान नहीं है। राहुल ने जिस तरह से 2 सांसदों को मारा है, अगर हम भी वैसे ही हाथ उठाते तो क्या होता।

### शिवराजसिंह बोले, संसद के इतिहास का ये काला दिन है



नई दिल्ली-(आरएनएस)। चोटिल प्रताप सारंगी व मुकेश राजपूत से मिलने भाजपा सांसद प्रल्हाद पटेलए पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे. शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रताप चंद्र सारंगी को देखकर मन पीड़ा से भर गया है. संसद के इतिहास का ये काला दिन है. मर्यादाओं की धज्जियां उड़ा दी गईं. राहुल गांधी व कांग्रेस ने जो गुंडागर्दी की है उसका कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता.

### खड़गे का दावा- बीजेपी सांसदों ने उन्हें धक्का दिया



नई दिल्ली-(आरएनएस)। संसद में घायल हुए भाजपा सांसद मुकेश राजपूत और प्रताप सारंगी को चोटों के कारण दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी बाद में आरोप लगाया कि उन्हें शारीरिक रूप से धक्का दिया गया था। खड़गे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे एक पत्र में कहा कि आज सुबह भारतीय पार्टी के सांसदों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा, प्रेरणा स्थल से माका द्वार तक मार्च निकाला। यह 17 दिसंबर, 2024 को राज्यसभा में अपने भाषण में केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा डॉ. अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में था।

जब मैं आईडीएनआईए पार्टियों के सांसदों के साथ मकर द्वार पहुंचा, तो मुझे भाजपा सांसदों ने शारीरिक रूप से धक्का दिया। खड़गे ने कहा कि मैं अपना संतुलन खो बैठा और मकर द्वार के सामने जमीन पर बैठने को मजबूर हो गया, इससे मेरे घुटनों में चोट लग गई, जिनकी पहले ही सर्जरी हो चुकी है।

### किरेन रिजिजू बोले कराटे क्या दूसरों को मारने के लिए सीखा

नई दिल्ली-(आरएनएस)। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा के दो सांसदों को जोर से धक्का दिया, उनके खून निकाल दिया. संसद शारीरिक प्रदर्शन की जगह नहीं है, संसद कोई कुश्ती का मंच नहीं है. अगर सब लोग मारपीट करने लग जाएं तो संसद कैसे चलेगा. वे तो नेता प्रतिपक्ष हैं उन्हें पहलवानी दिखाने की क्या जरूरत है. आपने कराटे दूसरों को मारने के लिए सीखा है क्या. ये कोई राजा की पर्सनल प्रॉपरिटी नहीं है. अगर हमारे सांसद भी हाथ उठाते तो क्या हाल होता. हमारे दोनों सांसद गंभीर रूप से घायल हैं.

### अमित शाह की खाल बचाने के लिए भैया के खिलाफ साजिश रची गई, प्रियंका गांधी ने दिया बीजेपी सांसदों को सीधा चैलेंज, मैं संसद परिसर में...



नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रियंका गांधी ने कहा कि राहुल गांधी बीआर अंबेडकर की तस्वीर लेकर और जय भीम का नारा लगाते हुए शांतिपूर्वक संसद के अंदर जा रहे थे लेकिन उन्हें ऐसा करने से रोक दिया गया। संसद परिसर में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हम इतने दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और लोगों के प्रवेश के लिए हमेशा जगह है। रोजाना सुबह 10.30 बजे से 11 बजे तक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हो रहा है. आज, पहली बार, उन्होंने (भाजपा सांसदों) विरोध किया और सभी को रोका और फिर धक्का-मुक्की और गुंडागर्दी में शामिल हो गए। अब अमित शाह की खाल बचाने के लिए उन्होंने ये साजिश शुरू कर दी है कि भैया ने किसी को धक्का दिया है।

## अमित शाह के बयान पर दूसरे दिन भी म.प्र.विधानसभा में हंगामा; कांग्रेस विधायकों ने टोंटी लेकर सदन के बाहर की नारेबाजी



भोपाल (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर डा. भीमराव आंबेडकर को लेकर टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कांग्रेस विधायक विधायकों ने विधानसभा में विरोध दर्ज कराया। वहीं, सदन के बाहर भी कांग्रेस पदाधिकारियों और पार्टी विधायकों ने डा. आंबेडकर की फोटो हाथ में लेकर माफी की मांग दोहराई। सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संसद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ हुई धक्का-मुक्की और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लगाए आरोप पर चर्चा कराने की मांग की, जिसे सत्ता पक्ष ने खारिज कर दिया और अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने इससे इनकार कर दिया। विधानसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने से पहले कांग्रेस के विधायक नल की टोंटी लेकर परिसर में पहुंचे। यहां गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन कर नल जल मिशन अनियमितता का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पूरी योजना घोटाले की भेंट चढ़ गई। नलों से पानी नहीं केवल हवा आ रही है। इसमें करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ है। उधर, सदन के मुख्य द्वार पर पार्टी विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा संसद में डा. भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को फिर प्रदर्शन किया। सभी विधायक हाथ में डा. आंबेडकर की फोटो लिए थे और केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी को संविधान निर्माण डा. आंबेडकर का अपमान बताया। संसद में पार्टी नेताओं के साथ हुई धक्का-मुक्की का मुद्दा सदन में नेता प्रतिपक्ष ने भोजनावकाश के बाद उठाकर चर्चा कराने की मांग की। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित सत्ता पक्ष के अन्य सदस्यों ने विरोध किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत का हुआ अभिनंदन

## लोकतंत्र की खूबसूरती न्यायालयों से है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### सेवाकाल में सर्वाधिक सम्मान मिला जबलपुर में -जस्टिस श्री कैत



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय न्याय पालिका ने अपने फैसलों से दुनिया में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की खूबसूरती न्यायालयों से ही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को मील का पत्थर निरूपित करते हुये कहा कि कार्यरत प्रधानमंत्री के विरूद्ध फैसला करने का जज्बा केवल भारतीय न्याय पालिका में ही है। उन्होंने न्याय करने में मेरिट के साथ मोरेलिटी को भी ध्यान में रखने की बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में महाधिवक्ता द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में यह बात कही। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति जस्टिस श्री सुरेश कुमार कैत ने कहा कि उन्हें अपने सम्पूर्ण सेवाकाल में जितना सम्मान नहीं मिला, उससे अधिक सम्मान मात्र तीन महिने की अल्पावधि में ही जबलपुर में मिला है। अधिवक्ता अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मुख्य न्यायाधिपति जस्टिस श्री कैत के साथ वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित विभिन्न न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि न्यायपालिका भारतीय लोकतंत्र की प्रहरी है। देश की न्याय व्यवस्था विश्व में भारत को अलग पहचान देती है और गौरव भी बढ़ाती है। न्यापालिका ने कई ऐसे ऐतिहासिक फैसले लिये हैं जो आज भी अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं। यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्याय पालिका यह तीनों लोकतंत्र के अहम हिस्से हैं। कानून निर्माण का काम कार्यपालिका करती है तो उसकी व्याख्या करने का काम न्यायपालिका द्वारा किया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय के साथ कई बदलाव आते हैं, बदलते हुए युग में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखना ही हमारी न्याय पालिका की विशिष्ट पहचान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश की न्याय व्यवस्था ने ऐसे कई फैसले लिये हैं जिनमें योग्यता के साथ-साथ नैतिकता और जीवन मूल्यों को भी तरजीह दी गई है।

### जबलपुर महाधिवक्ता कार्यालय ने किया अभिनंदन समारोह आयोजित

### अंबेडकर विवाद पर लालू यादव का बयान

## अमित शाह पागल हो गए हैं, उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए



नई दिल्ली-(आरएनएस)। डॉ. बीआर अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर विवाद के बीच, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को कहा कि अमित शाह पागल हो गए हैं, और उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और इस्तीफा दे देना चाहिए। लालू यादव ने अमित शाह पर निशाना साधा, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि अंबेडकर का नाम लेना कांग्रेस के लिए फैशन बन गया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने अपनी रिपोर्ट में लालू यादव के हवाले से कहा, अमित शाह पागल हो गए हैं। उन्हें बाबासाहेब अंबेडकर से नफरत होनी चाहिए। हम उनके इस पागलपन की निंदा करते हैं। बाबासाहेब अंबेडकर महान हैं। उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और चले जाना चाहिए। इससे पहले, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शाह और भाजपा पर संविधान विरोधी होने और नफरत फैलाने का आरोप लगाया था। यादव ने एएनआई से कहा, बाबासाहेब अंबेडकर हमारे फैशन और जुनून हैं। वे हमारी प्रेरणा और प्रेरणा भी हैं। हम किसी को भी बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान नहीं करने देंगे। ये लोग संविधान विरोधी हैं जो नफरत फैलाते हैं और संसद में इस्तेमाल की गई भाषा निंदनीय है। इस बीच, कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने गुरुवार को लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया, जिसमें अमित शाह से माफ़ी की मांग की गई। उन्होंने कहा, उन्होंने (गृह मंत्री अमित शाह) संसद के अंदर बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान किया। इसलिए, आज हमने उनके माफ़ी और मंत्रिमंडल से इस्तीफ़े के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया है। डॉ. बीआर अंबेडकर पर अमित शाह ने क्या कहा? गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बीआर अंबेडकर का बार-बार नाम लेने के लिए कांग्रेस की आलोचना करने के बाद कांग्रेस और

### इंदौर में रची जा रही थी देश में सांप्रदायिक उपद्रव फैलाने की साजिश क्राइम ब्रांच ने दो युवकों और एक नाबालिग को पकड़ा

इंदौर। मध्य प्रदेश की इंदौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए देश में माहौल बिगाड़ने की साजिश में शामिल दो युवक को और एक नाबालिग को पकड़ा है। खजराना पुलिस ने एक कार्रवाई को अंजाम दिया है। इन पर कश्मीर सहित देश के अन्य हिस्सों में सांप्रदायिक उपद्रव फैलाने का षड्यंत्र रचने का आरोप है।

## कश्मीर में आधी रात में हुई मुठभेड़ में मारे गये 5 आतंकी



जम्मू-(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर कड़ा प्रहार जारी है। इस क्रम में कुलगाम जिले में आज सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह बताया कि बुधवार आधी रात के बाद शुरू किए गए अभियान में सुरक्षा बल के दो जवान भी घायल हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात जिले के बेहिबाग इलाके के कद्देर गांव में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया। इस बीच, खबर है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश में सितंबर और अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार यह बैठक होगी। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना, अर्धसैनिक बल, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, खुफिया एजेंसी और गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी शामिल हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया, ''गृह मंत्री जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मझौली में श्रीमती रजनी बाई पटैल उम्र 30 वर्ष निवासी पोला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी लगभग 16 वर्ष पूर्व पोला निवासी दुर्गा पटेल से हुयी थी उसके 2 बेटे है। शादी के बाद से पति दुर्गा पटैल घरेलू बातों को लेकर उसके साथ मारपीट करता था शादी में अपने मायके ढोड़ा गई थी आज दोपहर लगभग 12 बजे अपने ससुराल ग्राम पोला वापस आयी जैसे ही दरवाजा खोली तो उसका पति दुर्गा पटैल उसके साथ गाली गलोज करते हुये बोला तू कहां चली गयी थी तो उसने कहा कि तुमसे बता कर गयी थी तो पति बोला कि ज्यादा मुंह चलाती है

# सायबर क्राइम अपराध है -अर्चना जाट, सायबर प्रभारी





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सायबर क्राइम एक प्रकार का अपराध है जो कंप्यूटर, इंटरनेट और अन्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके किया जाता है। यह अपराध विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख हैकिंग, हैकिंग एक प्रकार का सायबर क्राइम है जिसमें किसी व्यक्ति या संगठन के कंप्यूटर सिस्टम में अनधिकृत पहुंच प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है।

फ़िशिंग- फ़िशिंग एक प्रकार का सायबर क्राइम है जिसमें किसी व्यक्ति को झूठे ईमेल या मैसेज भेजकर उसकी व्यक्तिगत जानकारी चोरी करने का प्रयास किया जाता है। मैलवेयर- मैलवेयर एक प्रकार का सायबर क्राइम है जिसमें किसी व्यक्ति के कंप्यूटर सिस्टम में मैलवेयर नामक सॉफ़्टवेयर को स्थापित करने का प्रयास किया जाता है।रैनसमवेयर- रैनसमवेयर एक प्रकार का सायबर क्राइम है जिसमें किसी व्यक्ति के कंप्यूटर सिस्टम में रैनसमवेयर नामक सॉफ़्टवेयर को स्थापित करने का प्रयास किया जाता है।

सोशल इंजीनियरिंग- सोशल इंजीनियरिंग एक प्रकार का सायबर क्राइम है जिसमें किसी व्यक्ति को झूठे तरीके से अपनी व्यक्तिगत जानकारी देने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है।

उक्त महत्वपूर्ण जानकारी हितकारिणी महिला महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार में सायबर ब्रांच जबलपुर की निरीछक अर्चना जाट जी ने प्रदान की आयोजन जबलपुर पुलिस सायबर शाखा और इनर व्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया इस अवसर पर सायबर विशेषज्ञ उप निरीछक सायबर शाखा जबलपुर से नीरज नेगी ने सायबर अपराध के शिकार से बचाव के तरीके बताये जिनमे सुरक्षित पासवर्ड- सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करें।फ़ायरवॉल- फ़ायरवॉल स्थापित करें। वायरस स्कैनर- वायरस स्कैनर स्थापित करें। सुरक्षित ब्राउज़िंग- सुरक्षित ब्राउज़िंग विकल्पों का उपयोग साइबर सुरक्षा नीति- साइबर सुरक्षा नीति का पालन करें। साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण- साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त करें। साइबर सुरक्षा समुदाय- साइबर सुरक्षा समुदाय में शामिल हों।

साइबर सुरक्षा रिपोर्टिंग- साइबर सुरक्षा रिपोर्टिंग करें। प्रमुख है इस अवसर पर इनर व्हील क्लब आफ़ साउथ जबलपुर की अध्यक्षता श्रीमती बंटी अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी अग्रवाल सचिव नीति अवस्थी श्रीमती मधु अग्रवाल उपस्थित रही।

महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ पूर्णिमा तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय छात्राओं की सुरक्षा हेतु हमेशा इस तरह के सेमिनार का आयोजन करता है इस सेमिनार में पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति से सेमिनार की उपयोगिता सिद्ध होती है। कार्यक्रम में छाया दुबे, डॉ पूजा मिश्रा,शुभ्रा, सहित समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहें कार्यक्रम का संचालन श्री दिनेश ठाकुर ने किया।



# मक्का मदीना उमरा के लिए जत्था रवाना

## मुस्लिम लीगल एड वेलफेयर सोसायटी ने किया भव्य स्वागत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना उमरा के लिए एक सैकड़ा लोगों का जत्था डुमना एयरपोर्ट से रवाना हुआ जहां पर जबलपुर मुस्लिम लीगल एड वेलफेयर सोसायटी द्वारा यात्रियों का फूल माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर भव्य स्वागत किया गया।

जत्थे में शामिल लीगल एड के सदस्य अधिवक्ता इकबाल मंसूरी,सहीदन बी,गुलाम मोहम्मद,शेख महमूद, मुस्तरी बानो? ने बताया कि हम सभी लोग पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना उमरा ज्यारत के लिए जा रहे हैं जहां हम अपनी अकीदत पेश कर अपने मुल्क हिंदुस्तान एवं जबलपुर में अम्नो और शांति आपसी भाईचारे की दुआ करेंगे। इस अवसर पर मुस्लिम लीगल एड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एड. शबाब खान, रिजवान खान,मासूम खान, शफी खान, मोहसिन खान मोनू , फिरोज अंसारी,सफदर खान, बब्लू खान,सादिक खान,गुलाम भाई सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# सदर में मल्टीलेबल पार्किंग हेतु छावनी प्रशासन को दिया ज्ञापन



जबलपुर. तालिब हुसैन - मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने सदर में मल्टीलेबल पार्किंग की मांग की है. संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी वाधवानी के नैतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने केन्ट बोर्ड के सीईओ के नाम ओएस सरोज विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि सदर में दुपहिया वाहन व कारों के लिए मल्टीलेबल पार्किंग की सख्त जरूरत है, क्योंकि फ्लाय ओवर ब्रिज बनने के बाद वाहनों की आवाजाही और बढ़ गयी है. मल्टीलेबल पार्किंग बनने से ना केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि कारोबार में वृद्धि के साथ ही सदर की खूबसूरती बढ़ेगी. इस मौके पर एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, एड. विनीत कुमार, कमरूल इस्लाम खान, एड. विनीत कुमार, डॉ. आशीष डेंगरा आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही.

**डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के अनुयाईयों का संकल्प भारतीय जनता पाटी को सत्ता से करेंगे बेदखल**

# भारतीय जनता पार्टी ने किया दलितों के मसीहा का अपमान





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। , अमित शाह अपने भाषण के दौरान डॉ. बी.आर आंबेडकर की विरासत पर बोल रहे थे। उस समय अपने भाषण में भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजकल आंबेडकर का नाम लेना एक फैशन बन गया है। अब ये एक फैशन हो गया है। आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता । इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष लीलाधर झारिया एवं इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी मध्यप्रदेश के अनुसचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सेनवार ने अमित शाह के इस भाषण निंदा करते हुए कहा कि डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर हमारे लिए भगवान से बढ़कर हैं इस धरती पर पिछड़े वर्गों अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को जो अधिकार प्राप्त हैं वो हमारे आराध्य देवतुल्य बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की ही कृपा ही है। संसद में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर पर आपत्तिजनक भाषा उपयोग कर बाबा साहेब अम्बेडकर को अपमानित किया है। इस अपमान का बदला एक-एक बाबा साहब का अनुयाई यह संकल्प लेता है। कि भारत की राजनीति से भारतीय जनता पार्टी को समाप्त करे देंगे। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि मोदी सरकार यह समझ ले कि भारत के करोड़ो लोगों की आस्था बाबा साहेब अम्बेडकर के प्रति है और उनके लिए अम्बेडकर जी भगवान से कम नही हैं वह दलितों, आदिवासियों, अल्यसंख्यकों और गरीबों के मसीहा हैं और हमेशा रहेंगे। डॉ. बाबा साहब बी.आर. आंबेडकर पंडित नेहरू की सरकार में कानून मंत्री थे। उन्होंने 4 साल, 1 महीना और 24 दिन नेहरू मंत्रिमंडल में काम करने के बाद 27 सितंबर 1951 को पंडित नेहरू की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। संसद में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चली चर्चा पर जवाब देने के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भीमराव आंबेडकर पर की गई एक टिप्पणी से बवाल मच गया। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की है।

# पुनित अग्रवाल ने जीता बैस्ट इमरजिंग प्लेयर का खिताब



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी) में कार्यरत पुनीत अग्रवाल ने गतदिवस सागर में आयोजित 46वीं विद्युत अंतरक्षेत्रीय रस्साकसी प्रतियोगिता में बैस्ट इमरजिंग प्लेयर का खिताब हासिल किया।

सागर में आयोजित इस प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से पुनीत अग्रवाल ने अपनी टीम को तृतीय स्थान दिलवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कड़ाके की ठंड में गरीबों को खुले आसमान के नीचे बितानी पड़ रही रात, कलेक्टर कार्यवाही कर प्रतिवेदन दें- आयोग

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क किनारे एवं फुटपाथ पर रहने वाले गरीब एवं असहाय लोगों को रात के समय ठंड में खुले आसमान के नीचे सोना एवं अपना गुजारा करना पड़ रहा है। गरीबों के रूकने के लिये शहर में रैन बसेरा बनाए गये है, जिसमें जरूरतमंद लोगों को आश्रय मिल सके। लेकिन इसके बावजूद भी गरीब एवं असहाय लोगों को इस कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे अपना गुजारा करना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी की एकलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक?त से मामले की जांच कराकर, सर्दी में शहर में विभिन्न स्थानों पर खुले में सो रहे व्यक्तियों के संबंध में सुरक्षित व्यवस्था कर उपलब्ध रैन बसेरों में शिफ्ट किये जाने की व्यवस्था के संबंध में प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# रीवा से मडगांव के मध्य 02-02 ट्रिप चलेगी विशेष रेल गाड़ी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 01703/01704 रीवा-मडगांव-रीवा के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस गाड़ी में 1 फर्स्ट एसी, 1 सेकंड एसी, 5 थर्ड एसी कोच, 11 स्लीपर, 4 जनरल एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच होंगें। गाड़ी संख्या 01703 रीवा-मडगांव स्पेशल दिनांक 22 दिसंबर एवं 29 दिसम्बर को दिन रविवार दोपहर 12.00 बजे रीवा स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सोमवार को रात्रि 21.25 बजे मडगांव स्टेशन पहुँचेगी इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01704 मडगांव-रीवा स्पेशल दिनांक 23 दिसंबर एवं 30 दिसंबर को दिन सोमवार मडगांव स्टेशन से रात्रि 22.25 बजे प्रस्थान कर दिन बुधवार को सुबह 08.20 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी। गाड़ी के हाल्ट- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में रीवा से मडगांव के बीच सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड़, नासिक, कल्याण, पनवेल, रोहा, चिपलून, रत्नागिरी, कणकवली, कुडाल, सावंतवाडी रोड एवं थिविम स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा का लाभ लें ।

**निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई लगातार जारी**

# रॉझी क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क पर मलबा, और भवन निर्माण सामग्री फ़ैलाने वालों के खिलाफ हुई कार्यवाही

## 10 के विरूद्ध चालानी कार्रवाई कर 20 हजार रूपये से अधिक का लगाया जुर्माना - निगमायुक्त प्रीति यादव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध लगातार सख्ती दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों के द्वारा शहर को गंदा करने का काम किया जा रहा है अथवा सफाई व्यवस्था को प्रभावित किया जा रहा है उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव की हिदायत के बाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने आज रॉझी क्षेत्र में सड़क पर कचरा फैकने वालों, मलमा फेकने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की गई और 10 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर लगभग 20 हजार रूपये का जुर्माना लगाकर राशि निगम खजाने में जमा कराई गयी।

कार्रवाई के संबंध में उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार आज स्वच्छ भारत स्वच्छ जबलपुर अभियान के सफल क्रियान्वन के लिए शहर के मुख्य मार्गों पर फैली हुई भवन निर्माण सामग्री एवं मलबा के कारण आम नागरिकों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आज रॉझी क्षेत्र में भवन निर्माण सामग्री को सड़क फ़ैलाने, सड़क पर मलबा, भवन निर्माण सामग्री फ़ैलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि शहर में मुख्य मार्गों में भवन निर्माण स्थल पर निर्माणाधीन भवनों में ग्रीन नेट का उपयोग नहीं करने के कारण शहर की स्वच्छता एवं वायु गुणवत्ता दोनों ही प्रभावित हो रही है इसके साथ-साथ रोड़ पर फैली भवन निर्माण सामग्री, मलबा से आम नागरिकों को आवाजाही में भी परेशानी होती है, जिसकी शिकायत आम नागरिकों द्वारा की जा रही थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए आज रॉझी क्षेत्र में चालानी कार्रवाई की गयी। निगमायुक्त के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 10 चालान कर 20 हजार रूपये की राशि वसूल की गई। कार्रवाई के समय सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, श्रीमती हर्षा पटेल, तृप्ति चौधरी, स्वास्थ्य निरीक्षक तरुण जैन, श्रीमती उमा विश्वकर्मा एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा, सुपरवाइजर निवासन आदि उपस्थित रहे।

# 06 जनवरी से सोगरिया-दानापुर के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 09819/09820 सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस गाड़ी 15 थर्ड एसी कोच एवं 2 जनरेटर कार सहित कुल 17 कोच होंगें।

गाड़ी संख्या 09819 सोगरिया-दानापुर स्पेशल दिनांक 06 जनवरी से प्रत्येक सोमवार दोपहर 12.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 10.00 बजे दानापुर पहुँचेगी इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09820 दानापुर-सोगरिया स्पेशल दिनांक 07 जनवरी से प्रत्येक मंगलवार दानापुर से दोपहर 12.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 11.00 बजे सोगरिया पहुँचेगी।

नोट- यह स्पेशल ट्रेन सोगरिया से दिनांक 13, 27 जनवरी, 03, 10, एवं 24 फरवरी को और दानापुर से दिनांक 14, 28 जनवरी, 04, 11, एवं 25 फरवरी को दोनों दिशाओं में कोहरे तथा महाकुम्भ मेले के कारण 05-05 ट्रिप निरस्त रहेगी। उक्त तिथि को छोड़कर यह स्पेशल ट्रेन अगले आदेश तक संचालित होगी।

गाड़ी के हाल्ट- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सोगरिया से दानापुर के बीच बारां, रूठियाई, गुना, सागर, दमोह, कटनी मुडवारा, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, विंध्याचल, पं दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा का लाभ लें ।

### धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

जबलपुर-थाना पनागर में राजेन्द्र नामदेव उम्र 33 वर्ष निवासी कृष्ण पुरम कालोनी शिवपुरी सिटी कोतवाली जिला शिवपुरी ने लिखित शिकायत की कि जुलाई 2024 में जबलपुर में पनागर स्थित उत्कर्ष फाईनस बैंक में क्रेडिट मैनेजर के पद पर कार्यरत था दिनांक 23.07.2024 को एक कोरियर के संबंध में ईलाम एक्सप्रेस कोरियर से एक मोबाईल नम्बर से उसके मोबाईल पर फोन आया और उक्त नंबर के धारक ने एक लिंक भेजी तथा उक्त नंबर के धारक ने उक्त लिंक के माध्यम से 02 रूपये का पैमेन्ट चार्ज करने को

# इलाज के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से दिलाई सहायता



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के जबलपुर प्रवास पर आने पर तीन पीढ़ितों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलाई। महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू के द्वारा पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं के परिवार को दो को 50 हजार व एक को 1 लाख राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई गई है। तीनो लोगों को सहायता मिलने से गंभीर बीमारी का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा।

महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू जी के द्वारा अभी तक 100 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं को इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलवाई जा चुकी है



भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा निवास स्थित कार्यालय में हिनौती गौधाम में कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों से अब तक हुए कार्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शेड निर्माण, फेंसिंग कार्य, प्रशासनिक भवन निर्माण तथा हाई मास्क लाइट लगाए जाने की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि हिनौती गौधाम में स्वीकृत सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराएं। इस दौरान अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव विकास तिवारी, समाजसेवी राजेश पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**मालवा और बुंदेलखण्ड में सिंचाई सुविधा के साथ ही उपलब्ध होगा पर्याप्त पेयजल-मुख्यमंत्री ने की सागर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभागों की समीक्षा**

# प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर प्रदेश को मिली नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगातें -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर ही पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो अभियान के लिए एमओए हुआ और उनके नेतृत्व में ही 25 दिसम्बर को केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ हो रहा है। दोनों ही परियोजनओं का लाभ मध्यप्रदेश को मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसम्बर को खजुराहो आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि परियोजनाओं से लाभान्वित होने वाले क्षेत्रों के अधिक से अधिक नागरिक खजुराहो पहुंचकर प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिवादन तथा आभार व्यक्त करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सागर, उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में संचालित जनकल्याण शिविरों की प्रगति के संबंध में समीक्षा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से ही इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन हो सका है। इससे मालवा और बुंदेलखण्ड क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के विस्तार के साथ ही पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जल के उपयोग पर स्कूलों में चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को जोड़ते हुए जन-जन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। इन परियोजनाओं से लाभान्वित हो रही विधानसभाओं के विधायक परियोजनाओं के क्रियान्वयन से होने वाले लाभों की जानकारी स्थानीय नागरिकों को दें और जल का मितव्ययी उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।

प्रदेश की नदियों को जोड़ने के लिए भी बनाएं प्रस्ताव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोनों परियोजनाएं अंतर्राज्यीय हैं।



जरूरत है कि प्रदेश की नदियों को भी उपयोगिता के आधार पर जोड़ने के लिए प्रस्ताव बनाए जाएं। दोनों परियोजनओं के लाभ लेने के लिए भी जिला स्तर पर कार्य योजना बनाई जाएं।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में जन हितैषी कार्य लंबित न रहें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में जन कल्याण अभियान संचालित किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर जन हितैषी कार्य लंबित न रहें। अभियान में बने दल, घर-घर सर्वे कर आवेदन प्राप्त करें। सभी शिविरों में जनप्रतिनिधि भी सक्रिय सहभागिता करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला स्तर पर बैठक कर अब तक हुए जनकल्याणकारी कार्यों और विकास गतिविधियों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विषयों के निराकरण में जिला स्तर पर कठिनाई आ रही है उन्हें राज्य स्तर पर अविलंब प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि सागर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत 12 हजार से अधिक शिविर लगाए जा रहे हैं। शाजापुर, गुना, मंदसौर, उज्जैन और पन्ना जिलों में अब तक प्रस्तावित शिविरों में से 75 प्रतिशत से अधिक शिविर लगाए जा चुके हैं। अभियान के अंतर्गत सागर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में हुए शिविरों में अब तक 72 हजार 600 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 41 हजार 381 को स्वीकृति प्रदान की गई। सर्वाधिक आवेदन उज्जैन, छतरपुर, अशोक नगर, ग्वालियर, सागर, रतलाम और गुना जिलों में प्राप्त हुए हैं। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सर्वाधिक प्राप्त 20 हजार 134 आवेदनों में से 15 हजार 138 (75.2) प्रतिशत को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार निर्माण श्रमिकों के पंजीयन संबंधी आवेदनों में से 51 प्रतिशत और चालू खसरा/ खतौनी की प्रतिलिपियों के प्रदाय संबंधी 64 प्रतिशत आवेदन स्वीकृत किए गए हैं।

बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एंदल सिंह कंसाना,खाद्य आपूर्ति मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप,उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन राज्य मंत्री श्री लखन पटेल, पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव, श्री जयंत मलैया, श्री ओमप्रकाश सखलेचा सहित सागर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में विद्यमान विधानसभाओं के विधायक उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित मंत्रीगण तथा विधायकों ने भी सुझाव प्रस्तुत किए। संबंधित संभागायुक्त, जिला कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

# विधायक आरिफमसूद की सदस्यता खतरे में

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफमसूद पर विधानसभा चुनाव में भरे गए नामांकन पत्र में 50 लाख रुपए के लोन को छिपाने का आरोप है। सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भी माना कि उन्होंने लोन की जानकारी छिपाई। जिसके बाद उनकी विधायकी खतरे में है। हाईकोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 जनवरी को होगी। इस दिन पता चलेगा कि उनकी विधायकी रहेगी या नहीं।

दरअसल, कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने हाईकोर्ट में भाजपा प्रत्याशी ध्रुव नारायण की याचिका को निरस्त करने के लिए आवेदन लगाया था, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। इस फैसले को चुनौती देते हुए आरिफमसूद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और दावा किया कि जो दस्तावेज पेश किए गए हैं, वे फर्जी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर फिर से हाईकोर्ट को मामले की सुनवाई के निर्देश दिए थे।

मंगलवार को जस्टिस विवेक अग्रवाल की कोर्ट ने ध्रुव नारायण की याचिका पर अंतिम तर्क सुनने के बाद माना कि एसबीआई बैंक, भोपाल से लोन के लिए पेश किए गए दस्तावेज सत्य और बैंक अधिकारी द्वारा अधिकृत हैं। कोर्ट ने यह भी माना कि आरिफ मसूद ने चुनाव के दौरान इस लोन की जानकारी छिपाई थी। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि आरिफ मसूद द्वारा उठाई गई आपत्तियां पहले ही निर्धारित हो चुकी हैं, लिहाजा नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

हाईकोर्ट ने आरिफ मसूद को 18 अक्टूबर तक लोन से संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध कराकर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही, हाईकोर्ट ने एसबीआई शाखा प्रबंधक से कांग्रेस विधायक और उनकी पत्नी के लोन की जानकारी मांगी थी। सुनवाई के दौरान बैंक मैनेजर ने भी स्वीकार किया कि लोन के जो दस्तावेज जारी किए गए हैं, वे सत्य हैं और बैंक के अभिलेखों के अनुरूप हैं। याचिकाकर्ता के वकील, सीनियर एडवोकेट अजय मिश्रा, ने बताया कि कोर्ट ने कांग्रेस विधायक के आवेदन और सभी आपत्तियों को निरस्त कर दिया है।

**पूर्वजों ने जिस उद्देश्य और संकल्प के साथ रखी थी मध्यप्रदेश की नींव उसे पूरा करने के लिए हम सब संकल्पित**

# मध्यप्रदेश विधानसभा ने लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में निभाई है विशिष्ट भूमिका: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा ने लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई है। 17 दिसंबर 1956 को मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले सत्र से लेकर आज तक प्रदेश ने विकास और सुशासन की एक लंबी यात्रा तय की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले सत्र की 68 वीं वर्षगांठ पर सदन में संबोधित करते हुए प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपराओं, विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

-मध्यप्रदेश के गठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि 1950 में संविधान लागू होने के बाद मध्यप्रदेश कई हिस्सों में विभाजित था, जिसमें विन्ध्य प्रदेश, मध्य भारत, भोपाल और सेन्ट्रल प्रोविन्सेस शामिल थे। राज्यों के पुनर्गठन के बाद 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश का गठन हुआ। उस समय से अब तक प्रदेश ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाते हुए विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं।

-विकास यात्रा में 2003 से 2024 तक उल्लेखनीय प्रगति उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्ष 2003 से 2024 तक मध्यप्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। सिंचाई क्षेत्र में क्रांतिकारी विकास हुआ है। 2003 के पहले प्रदेश में मात्र 7 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होती थी, जो अब बढ़कर 50 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी योजनाओं से यह आंकड़ा 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचने की उम्मीद है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस संदर्भ में काली सिंध, पार्वती और चंबल नदियों को जोड़ने की योजना का जिक्र किया, जिसका भूमिपूजन 17 दिसम्बर की ऐतिहासिक तिथि को प्रधानमंत्री द्वारा जयपुर में किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि 25 दिसंबर को छतरपुर में केन और बेतवा नदी को जोड़ने की योजना का भूमिपूजन किया जाएगा, जो 1.75 लाख करोड़ रुपये की लागत से 15 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित करेगी।

-आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी आर्थिक प्रगति के साथ वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में सफल रहा है। राज्य का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (त्रष्ठक्क) के 3त्न से कम है, जो इसे एक प्रगतिशील राज्य के रूप में स्थापित करता है। -गौरवशाली विरासत और स्वर्णिम भविष्य उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस उद्देश्य और संकल्प के साथ मध्यप्रदेश की नींव रखी थी, हम सभी गर्व के साथ उसे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। विधानसभा की यह यात्रा प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में सतत रूप से अग्रसर है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और सभी सदस्यों को इस ऐतिहासिक अवसर पर शुभकामनाएं दीं और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प व्यक्त किया। उन्होने विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर का इस दिवस के लिये विशेष समय प्रदान करने के लिये आभार व्यक्त किया।

# हॉस्पिटल संचालक पर जमीन हड़पने का आरोप, महिला ने किया हंगामा

शिवपुरी (आरएनएस)। शिवपुरी के एक निजी हॉस्पिटल में सोमवार को एक महिला ने अपने बच्चों के साथ पहुंचकर जमकर हंगामा किया। महिला ने हॉस्पिटल संचालक पर अपने बेटे की नाम की जमीन हड़पने का आरोप लगाया और नर्स पर मारपीट के आरोप लगाए। घटना के बाद महिला की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अपने साथ ले गई। महिला ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

बछौरा क्षेत्र की निवासी रानी शिवहरे ने बताया कि उसके पति मुकेश शिवहरे की शराब की लत के कारण ससुर ने उनकी 4 बीघा जमीन उनके पति के नाम नहीं कराई, बल्कि बच्चों के नाम पर कर दी। इस जमीन पर हॉस्पिटल संचालक राजेन्द्र शर्मा की नजर थी। रानी शिवहरे ने आरोप लगाया कि *राजेंद्र शर्मा* ने उसके पति मुकेश से मुलाकात कर उसके 10 साल के बेटे के एक बीघे हिस्से की जमीन का एग्रीमेंट अपने नाम करवा लिया। यह एग्रीमेंट नाबालिग बेटे की सहमति के बिना किया गया और जमीन को फर्जी तरीके से हड़पने की कोशिश की जा रही थी। महिला का कहना है कि जिस जमीन का एग्रीमेंट किया गया, उसकी कीमत लगभग 32 लाख रुपये है,

# एक जनवरी से सरकारी कामकाज में होगा बड़ा बदलाव, ऑफिस में नहीं घुमा पाएंगे बाबू

भोपाल (आरएनएस)। वल्लभ भवन मंत्रालय स्थित विभागों की सभी फइलें एक जनवरी 2025 से ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित होंगी। इसके निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को नोटशीट भेजकर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने दिए हैं। नोटशीट में कहा गया है कि सभी फइलों की स्कैनिंग की जाए, जिसमें पहले प्रचलित नस्तियां और इसके बाद निराकृत नस्तियां स्कैन की जाएं। अब तक 39 विभागों को ई-ऑफिस का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण उपरांत कुल 39 विभागों में से केवल 17 विभागों ने ई- फइल प्रणाली का उपयोग आरंभ किया है। शेष 22 विभाग भी तत्काल ई-ऑफिस का उपयोग आरंभ करें।

क्या है ई-ऑफिस

ई-ऑफिस दरअसल ऑनलाइन प्रणाली है। इसमें अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक कंप्यूटर पर बैठकर अपनी फइलें निपटाएंगे। इससे यह पता चल जाएगा कि कौन सी फइल किस के पास लंबित है। पुरानी नस्तियों को भी इसमें ढूंढा जा सकेगा। इससे शासकीय कार्य तेजी से संपादित हो सकेंगे। उच्च स्तर पर इसकी मानिटरिंग की भी व्यवस्था रहेगी।

मंत्रालय में ई आफिस व्यवस्था होगी लागू, लेकिन मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिए मैन्युअल ही चलेगी फइलें। ई- फइलों के माध्यम से ही शासकीय कामकाज होंगे। मैन्युअल फइल की व्यवस्था को पूरी तरह से बंद किया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के हस्ताक्षर की कापी कर इसका दुरुपयोग न किया जा सके। अधिकारियों के टेबल पर फइलों के अंबार वाली व्यवस्था बंद की जाएगी। इसी तरह मध्य प्रदेश कैबिनेट के लिए बनने वाले प्रस्ताव भी आनलाइन तैयार होंगे। भोपाल स्थित विभागाध्यक्ष कार्यालय यानि संचालनालय भी ई-ऑफिस से जुड़ गए हैं। जल्द ही संभागीय एवं जिला कार्यालय भी ई-ऑफिस व्यवस्था से जोड़े जाएंगे।

**मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत से शहरी वार्ड तक किया जा रहा घर-घर सर्वेक्षण**

भोपाल।(आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का आयोजन 11 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य केन्द्रीय एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को प्राप्त हो यह सुनिश्चित करना है। अभियान में भोपाल के शहरी क्षेत्र में नगर निगम के 85 वार्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण के लिए विशेष दलों का गठन किया गया है।

# मारूति वैन में आग लगने के बाद हुआ ब्लास्ट,हवा में उड़े कार के टुकड़े

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक कार में आग लगने के बाद ब्लास्ट हो गया। कार में ब्लास्ट होते ही बम धमाके की तरह आवाज आई जिससे इलाके में दहशत फैल गई। राहत की बात ये है कि कार में ब्लास्ट की इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। कार ब्लास्ट का एक वीडियो भी सामने आया है जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना मंगलवार सुबह 11.45 बजे की है। बता दें ऐशबाग इलाके में फतमा बी की मस्जिद के पास एक वैन खड़ी थी। इसमें अज्ञात वजह से आग लग गई। धीरे-धीरे आग फैल गई। इससे वैन आग की लपटों में घिर गई। कुछ देर बाद ही वैन में ब्लास्ट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वैन में एलपीजी सिलेंडर लगा था। संभवत: यह एलपीजी से ही चलती होगी। आग लगने के बाद सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इसकी आवाज से पूरा इलाका दहशत में आ गया। रहवासी मयंक यादव ने तुरंत फायर ब्रिगेड स्टेशन पर कॉल करके सूचना दी। इसके बाद बोगदा पुल से दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

## विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने एडवांस्ड सिस्टम लेबोरेटरी (एएसएल), डीआरडीओ के साथ बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एग्रीमेंट किया

हैदराबाद-(आरएनएस) विकास लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई- 542655, एनएसई- ) ने हैदराबाद स्थित डीआरडीओ के एडवांस्ड सिस्टम्स लेबोरेटरी (एएसएल) के साथ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एग्रीमेंट किया है। यह कोलेबरेशन डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई बायोडिग्रेडेबल बैग्स के लिए ग्रैन्यूल्स नाम के सफल तकनीक पर केंद्रित है, जो सिंगल यूज़ वाले पॉलीथीन बैग्स के लिए एक बेहतर विकल्प प्रदान करता है। जबकि डीआरडीओ मुख्य रूप से रक्षा और टेक्टिकल टेक्नोलॉजी में अपने काम के लिए जाना जाता है, यह एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी और इंडस्ट्रियल एडवांसमेंट सहित इंपॉर्टेंट सिविलियन एप्लिकेशन वाले क्षेत्रों में रिसर्च और डेवलपमेंट भी करता है।

डीआरडीओ द्वारा विकसित और वीएलएल को लाइसेंस प्राप्त बायोडिग्रेडेबल ग्रैन्यूल्स टेक्नीक महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ प्रदान करती है। यह ट्रेडिशनल पॉलीथीन बैग के लिए एक इफेक्टिव ऑप्शन देता है, जो पर्यावरण के लिए पैकेजिंग समाधानों की बढ़ती वैश्विक मांग के पसंद के अनुसार है। इंडियन प्लास्टिक पैकेजिंग मार्केट के 2024-2029 के दौरान 3.09त्न की सीएजीआर दर्ज करते हुए 21.77 बिलियन अमरीकी डॉलर से 2029 तक 25.35 बिलियन अमरीकी डॉलर के आकार तक पहुँचने का अनुमान है। यह ग्रोथ बायोडिग्रेडेबल ऑप्शन जैसे इनोवेटीव और सस्टेनेबल पैकेजिंग सॉल्यूशन की बढ़ती मांग बताती है, जो डीआरडीओ के साथ विकास लाइफकेयर लिमिटेड के सपोर्ट से काफी लाभान्वित हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बायोडिग्रेडेबल ग्रैन्यूल्स का उपयोग लॉन्ग टर्म एनवायरनमेंटल क्लीनिंग एक्सपेंस को कम करता है, एक सर्कुलर इकॉनमी का समर्थन करता है और स्टेबिलिटी और ग्लोबल कॉम्पटीटिवनेस की दिशा में भारत के प्रयासों में योगदान देता है। इस समझौते के तहत, डीआरडीओ वीएलएल को भारत में इन बायो-डिग्रेडेबल ग्रैन्यूल्स के निर्माण और अगले 10 वर्षों के लिए डोमेस्टिक और इंटरनेशनल लेवल पर इनका मार्केटिंग करने के लिए एक नॉन-एक्सक्लूसिव लाइसेंस प्रदान करता है। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर में डीआरडीओ से सपोर्ट शामिल है, डिटेल्ड ड्रॉइंग्स, स्पेसिफिकेशन, मटेरियल सोर्सिंग, सैंपल्स, टेस्टिंग प्रोटोकॉल, और सीमलेस इंप्लीमेंटेश को सुनिश्चित करने के लिए सभी डॉक्यूमेंट शामिल हैं। यह कॉरपोरेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को दिखाता है, जो प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के ग्लोबल एफर्ट्स में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है। वीएलएल प्लास्टिक कचरे के रीसाइकिल में सक्रिय रूप से शामिल था, ताकि एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पांसिबिलिटी (ईपीआर) के जनादेश को पूरा किया जा सके और एक सर्कुलर इकॉनमी में योगदान दिया जा सके। इस आधार पर निर्माण करते हुए, वीएलएल अब डीआरडीओ के साथ अपने सहयोग के माध्यम से बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में आगे बढ़ते रहने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बीना रिफाइनरी और एनजीओ स्माइल ट्रेन इंडिया का सागर ज़िले में कटे होंठ और तालु वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने की पहल

भोपाल (आरएनएस)। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), बीना रिफाइनरी (बीआर) ने दुनिया की सबसे बड़ी क्लेफ्ट केंद्रित संस्था, स्माइल ट्रेन के साथ साझेदारी की है। इस पहल का उद्देश्य मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में वंचित समुदायों के लिए कटे होंठ और तालु की जीवन बदलने वाली सर्जरी कराने और जागरूकता अभियान चलाने का है।

इस सहयोग के तहत मार्च 2025 तक लगभग 70 नि:शुल्क सर्जरी कराने की योजना है। साथ ही, सागर ज़िले के 12 तहसीलों में जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय जनसंख्या को कटे होंठ और तालु (क्लेफ्ट) के बारे में शिक्षित करना, मिथकों को दूर करना और इलाज की पहचान और प्रक्रिया को तेज करना इसका उद्देश्य है।

इस परियोजना में कटे होंठ वाले मरीजों की पहचान के लिए जांच शिविरों का आयोजन करना और मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा कार्यकर्ताओं) के साथ कार्यशालाएं आयोजित करना भी शामिल है। यह पहल स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मामलों की पहचान करने और इलाज में सहायता करने के लिए सशक्त बनाएगी, जिससे इस पहल की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके।श्री शिरीष चांदेकर, जनरल मैनेजर (एचआर), बीपीसीएल बीना रिफाइनरी ने कहा, बीपीसीएल हमेशा से सामाजिक बदलाव लाने और उन पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, जो हमारे द्वारा सेवा किए जाने वाले समुदायों को सशक्त बनाती हैं। स्माइल ट्रेन के साथ यह साझेदारी ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का विस्तार है। चिकित्सा और जागरूकता दोनों के बीच की कमियों को दूर करके, हमारा उद्देश्य सागर जिले के बच्चों को वह देखभाल प्रदान करना है जिसकी उन्हें ज़रूरत है, जिससे न केवल उनके जीवन में बदलाव आएगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में कटे होंठ और तालु (क्लेफ्ट) के बारे में जागरूकता भी बढ़ेगी। सुश्री अंजलि कटोच, स्माइल ट्रेन इंडिया की कम्युनिकेशन और बिजनेस डेवलपमेंट हेड, ने बीपीसीएल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, नि:शुल्क, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण कटे होंठ और तालु (क्लेफ्ट) का उपचार करना स्माइल ट्रेन इंडिया की प्राथमिकता है। यह प्रतिष्ठित साझेदारी हमें और अधिक क्लेफ्ट सर्जरी का समर्थन करने में सक्षम बनाती है, जिससे कटे होंठ और तालु (क्लेफ्ट)के साथ जन्मे बच्चों को स्वस्थ और पूर्ण जीवन जीने का मौका मिलता है। सर्जरी का समर्थन करने और समुदायों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाकर, मुझे विश्वास है कि यह सहयोग क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी परिणाम लाएगा। भारत में हर साल अनुमानित 35,000 बच्चे कटे होंठ और/या तालू के साथ पैदा होते हैं, और सैकड़ों हजारों बच्चे बिना इलाज के अलगाव में जीवन बिताते हैं। उन्हें खाने, सांस लेने, सुनने और बोलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह पहल ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां जागरूकता, चिकित्सा सुविधाओं की अनुपलब्धता और आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण कटे होंठ और तालु (क्लेफ्ट) का अक्सर इलाज नहीं हो पाता। इस पहल के प्रति बीपीसीएल की प्रतिबद्धता कॉर्पोरेट सोशल रिस्पान्सबिलिटी (सीएसआर) के तहत बीपीसीएल - बीना रिफाइनरी के दीर्घकालिक प्रयासों को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य सतत सामुदायिक विकास का समर्थन करना है।

नि:शुल्क सर्जरी और जागरूकता प्रयासों से सागर जि़ले के कई परिवार लाभान्वित होंगे



**सम्पादकीय**

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




नया साल में कई ऐसे शुभ योग बन रहे हैं, जिससे कुछ राशियों के भाग्य चमक जाएंगे। ज्योतिष गणना के अनुसार नए साल में बुध ग्रह राशि परिवर्तन कर धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगा। बुध ग्रह बुद्धि और व्यापार के दाता हैं। बुध ग्रह का गोचर 4 राशियों के जातकों के व्यापार के लिए बहुत ही शुभ होने वाला है। यह उनकी किस्मत को पूरी तरह से बदल देगा। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि वह कौन सी 4 राशियां हैं,



## बांग्लादेश से आ रही चुनौती बेहद गहरी

अब चूंकि बात मुस्लिम पहचान पर आ गई है, तो स्वाभाविक नतीजा है कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के समान अधिकार की आकांक्षा पर चोट की जा रही है। इस रूप में पूरब की ओर भी फिर से पाकिस्तान की धारणा साकार हो रही है। बांग्लादेश के साथ भारत के बिगड़ते रिश्तों का दीर्घकालिक संदर्भ बनता दिख रहा है। बांग्लादेश में बड़ी संख्या में लोग अपने देश की पहचान 1971 के संदर्भ में देखने के बजाय 1947 के संदर्भ में देखने लगे हैं। और यह कोई छिपी बात नहीं है। देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस इसे संयुक्त राष्ट्र के मंच पर कह चुके हैं। तब उन्होंने कहा था- बांग्लादेश बना, क्योंकि लोगों का उदारवाद, बहुलवाद एवं धर्मनिरपेक्षता में गहरा यकीन था। दशकों बाद अब नई पीढ़ी उन उसूलों पर पुनर्विचार कर रही है, जैसाकि 1952 में हुआ था, जब हमारे देशवासियों ने अपनी मातृभाषा बांग्ला की रक्षा का संकल्प लिया था।' यानी 1952 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने मजहबी आधार पर बने राष्ट्र को नकार कर भाषा एवं संस्कृति पर आधारित बहु-धर्मीय राष्ट्र को स्वीकार किया था। जबकि अब लोग 1947 की तरफ लौट रहे हैं, जब भारत का मजहबी आधार पर विभाजन हुआ। अब चूंकि बात मुस्लिम पहचान पर आ गई है, तो स्वाभाविक नतीजा है कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के समान अधिकार की आकांक्षा पर चोट की जा रही है। इस रूप में पूरब की ओर भी पाकिस्तान की धारणा साकार हो रही है। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर उभर कर सामने आया है, जब भारत उसे वैचारिक चुनौती देने के लिए लिहाज से सबसे कमजोर स्थिति में है। चूंकि भारत में भी अब मुख्य विमर्श हिंदू-मुसलमान पर केंद्रित है, इसलिए बांग्लादेश में हमेशा से मौजूद रहे, लेकिन अब सिर उठा कर सामने आ चुके महजबी कट्टरपंथी ताकतों को भी तर्क मिल रहा है।

# इंडिया गठबंधन की हालत सूत न कपास जुलाहों में लठ्ठम लठ जैसी

सूत न कपास, जुलाहों में लठ्ठम लठ। इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों की हालत कुछ ऐसी हो गई है। भाजपा गठबंधन से मुकाबला करने में विफल रहे विपक्षी दल के नेता नेतृत्व की कलह से जूझ रहे हैं। भाजपा से बुरी तरह शिकस्त खाने और राजनीतिक धरातल पर हैसीयत को स्वीकार किए बगैर विपक्षी नेता गठबंधन के नेतृत्व के जरिए भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का सपना पाले हुए हैं। इन दलों का आधार बेशक एक राज्य से ज्यादा नहीं हो, किन्तु देश को नेतृत्व देने की आपसी होड़ में पीछे नहीं है। विपक्षी दलों के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए कोई एजेंडा तक नहीं है। लोकसभा चुनाव और हाल ही हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के दल आपस में ही मुकाबला करते रहे। विपक्षी दलों का ख्वाब है कि जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान होगी, उसी के हाथ में देश की बागडोर होगी। ठोस रणनीति के अभाव में यह दिन में ख्वाब देखने जैसा है। इंडिया गठबंधन के दलों में आपस में ही नेतृत्व की होड़ मची हुई है। भाजपा के खिलाफ कोरी बयानबाजी से विपक्षी दलों के नेता बयानवीर साबित हो रहे हैं। लोकसभा और उससे पहले विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। विपक्षी दलों ने चुनाव जीतने के लालच में गठबंधन की धज्जियां उड़ाने में कसर बाकी नहीं रखी। गठबंधन की हालत उसे घोड़ागाड़ी जैसी हो गई जिसके घोड़े को हर घुडसवार अपने हिसाब से हांकना चाहता है। ऐसे में यह गठबंधन देश को नेतृत्व देने के मामले में आगे बढने् के बजाए पीछे खिसकता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया।

इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यादपद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके। इस बार नेतृत्व की दुदंभी तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से बजाई गई है। ममता बनर्जी ने हालिया चुनावों और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की और कहा कि वह इसकी कमान संभालने को तैयार है। ममता ने हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया है और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार है। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। ममता के इस बयान के बाद अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की अतृप्त इच्छा में उबाल आ गया। गठबंधन के दल के नेता अब नेतृत्व का दावा ठोक रहे हैं। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ममता बनर्जी को ऐसा लगता है पर हमें ऐसा नहीं लगता। इस पर चर्चा करेंगे। उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है। हम तो कांग्रेस के कहने से चलते हैं, वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी बड़ी नेता हैं लेकिन राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है।

लेफ्ट नेता डी राजा ने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है। हालात इंडिया ब्लॉक की मीटिंग की मांग करते हैं। कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन सहयोगियों को समायोजित नहीं किया। अगर कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की बात सुनी होती तो लोकसभा और हरियाणा-महाराष्ट्र में नतीजे अलग होते। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की राय पता है। हम चाहते हैं कि ममता हमारे साथ रहें। हम सभी एक साथ हैं। अगर कोई मतभेद भी हैं तो वो छोटे मोटे हैं। हम कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से बात करेंगे। सपा प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने कहा कि अगर ममता जी ने कोई इच्छा जाहिर की है तो इंडिया ब्लॉक नेता उस पर विचार करके उनका सहयोग लें। इससे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। नेतृत्व को लेकर मचे इस घमासान में लालू यादव की पार्टी कैसे पीछे रह सकती है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने भी ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन का नेता बनाने की मांग कर दी। लालू ने कहा कि कांग्रेस की आपत्ति का कोई मतलब नहीं है। हम ममता का समर्थन करेंगे। ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व दिया जाना चाहिए। लालू यादव का यह बयान कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि लालू यादव लंबे समय से कांग्रेस के पुराने साथी रहे हैं। लालू यादव की यह मांग कांग्रेस के लिए मुसीबत बन सकती है। गठबंधन में शामिल कुछ दल पहले से ही ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान सौंपने की वकालत कर चुके हैं। आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के असली आर्किटेक्ट लालू प्रसाद यादव हैं। उनकी पहल पर ही पटना में इंडिया गठबंधन की पहली बैठक हुई थी।

## कुछ भी कहो, सरकारी तंत्र में नहीं घटा भ्रष्टाचार

केंद्र और भाजपा शासित राज्यों की सरकारें कितना ही भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का दावा करें किंतु सच्चाई इसके वितरीत है। एक सर्वे में दावा किया गया है कि 100 में से 66 लोगों को अपना काम कराने के लिए सरकारी तंत्र को रिश्वत देनी पड़ती है किंतु सच्चाई इसके विपरीत है। शायद ही कोई विभाग ऐसा होगा जहां बिना रिश्वत दिए काम हो जाए। सब जगह हालत बहुत खराब है। गैर भाजपा राज्यों की तरह भाजपा शासित राज्यों में भी प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचर का बोलबाला है। सरकारें मौन हैं।

देश में केंद्र और राज्य सरकारें कारोबार में सहूलियत और निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी लाने पर जोर दे रहीं हैं। वहीं भ्रष्ट सरकारी मशीनरी अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कंपनियों और उद्यमियों से अवैध तरीके से पैसे उगाहने में लगी हैं, जिसके चलते देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज आफ डुइंग बिजनेस जैसे प्रयासों को पलीता लग रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 66 प्रतिशत कंपनियों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है।

कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सप्लायर क्वॉलीकेशन, कोटेशन, ऑर्डर प्राप्त करने तथा भुगतान के लिए रिश्वत दी है। लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट के अनुसार कुल रिश्वत का 75 प्रतिशत कानूनी, माप-तौल, खाद्य, दवा, स्वास्थ्य आदि सरकारी विभागों के अधिकारियों को दी गई।

जांच रिपोर्ट कहती है कि कई कारोबारियों ने जीएसटी अधिकारियों, प्रदूषण विभाग, नगर निगम और बिजली विभाग को रिश्वत देने की भी सूचना दी है। पिछले 12 महीनों में जिन कंपनियों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम पूरा करने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के बराबर है।

## आईटी और डिजिटल नवाचार में आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

0-सोनिया परिहार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में, आईटी और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में मध्यप्रदेश हर दिन नए आयाम स्थापित कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए, प्रदेश ने अपने शासकीय विभागों और नागरिकों के लिए तकनीकी प्रगति और डिजिटल सुविधाओं का ऐसा सिस्टम विकसित किया है, जो पूरे देश के लिए एक मिसाल बन गया है। राज्य डिजिटल भारत के सपने को साकार करते हुये डिजिटल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इसमें मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रोनिक विकास निगम (एमपीएसईडीसी) और मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। 0-म.प्र. में विकसित सॉफ्टवेयर ने देश में बनाई पहचान्मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) की अगुवाई में प्रदेश ने डिजिटल प्रौद्योगिकी में कई उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। संपदा 2.0 और साइबर तहसील जैसे प्लेटफॉर्म नागरिक सेवाओं को सरल बना रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की पहचान को भी मजबूत कर रहे हैं। संपदा 2.0 ने संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर ई-पंजीकरण, ई-स्टाम्प, स्टाम्प शुल्क की गणना और दस्तावेज़ खोज जैसे कार्यों को घर बैठे संभव बनाया गया है। साइबर तहसील ने राजस्व न्यायालयों की प्रक्रियाओं को पारदर्शी और सुव्यवस्थित करते हुए भ्रष्टाचार को कम करने और जनता को त्वरित सेवाएं प्रदान करने का सफल प्रयास किया गया है।

0-निवेश और स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन्सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), सूचना प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएँ (आईटीईएस), इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) और डेटा केंद्रों की परिवर्तनकारी क्षमता को स्वीकार करते हुए, राज्य में दूरदर्शी 卐आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023卐 बनाई गई है। राज्य के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्रर को बढ़ावा देने के लिए यह नीति डिज़ाइन की गई है। जबलपुर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पॉलिसी के दिशा निर्देश लॉन्च किए थे। नीति में निवेशकों को वित्तीय और गैरवित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रावधान किए गए है। सभी वित्तीय सहायता, आवश्यक अनुमतियाँ, अनुमोदनों, आवेदनों और किसी भी अन्य संबंधित प्रक्रियाओं के लिए पूर्ण रूप से डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम भी बनाया गया है। राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के लिये प्रोत्साहित करने और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट-अप नीति-2022 लागू है।

राज्य में एवीजीसी नीति-2024 भी लागू की जा रही है, जिससे एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र में नई संभावनाओं का द्वार खुला है। राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा आदि को ध्यान में रखते हुए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (त्रष्टि) नीति 2024 भी तैयार की गई है। 0-विकसित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्ररवर्तमान में प्रदेश में 2 हजार से अधिक आईटी/आईटीईएस एवं ईएसडीएम इकाइयां कार्यरत हैं, 0-

## बच्चे यादा हों तो अच्छा ( व्यंग्य )

विकास की अति के साथ ज़माना बिगड़ चुका है। अब तो हमारे पवित्र, महान देश में भी युवा शादी किए बिना, साथ रहना चाहते हैं। क्या कहते हैं, लिव इन कनेक्शन में, अरे नहीं, लिव इन रिलेशन में। पता नहीं चलता इंसानी संबंधों का रंग, रूप और चरित्र कब बदल जाए। मां बाप के आशीर्वाद सहित या बिना आशीर्वाद के शादी हो जाए तो बच्चे पैदा नहीं करना चाहते। अभिभावकों के भावनात्मक दबाव से पहला बच्चा पैदा हो जाए तो दूसरा नहीं चाहते जी। पिछले दिनों कहा गया, ज्यादा बच्चे पैदा करिए। एक परिवार में दो या तीन बच्चे तो होने चाहिएं। इस कहने का अर्थ बिलकुल स्पष्ट है। इतिहास में यह कहा गया है कि हर इंसान के भीतर एक बच्चा होता है जो हमेशा जीवित रहना चाहिए। लेकिन इस बात का बच्चे पैदा करने वाली सलाह से दूर दूर का सम्बन्ध नहीं है। हमारे देश में खाने पीने की कोई परेशानी नहीं है। सभी जानते हैं कि अधिकांश आबादी को सरकार मुफ्त अनाज देती है। बढ़ी हुई आबादी को भी देगी जिससे दोनों पक्षों का फायदा होगा। 'पता नहीं कब तक' खबर देने वाले चैनल बता रहे थे कि वैश्विक स्तर पर कुपोषित बच्चों में से एक तिहाई भारतीय बच्चे हैं। खाना इतना महंगा है कि यादातर लोग स्वस्थ आहार नहीं ले पाते ।

## अडानी मुद्दे पर कुछ दिखावे के लिए राहुल व कांग्रेस के साथ जुड़े

हरिशंकर व्यास

यह संयोग है या प्रयोग कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के कन्नी काटी और अडानी मुद्दे पर संसद ठप्प करने में शामिल होने से इनकार किया। उसके बाद ममता बनर्जी के विपक्षी गठबंधन का नेता बनने की चर्चा शुरू हो गई? यह सही है कि ममता बनर्जी ने खुद ही चर्चा शुरू कराई। उन्होंने कहा कि, इंडिया' ब्लॉक का गठन उन्होंने किया है और इसलिए मौका मिले तो उसका नेतृत्व करना चाहेंगी। हालांकि हकीकत यह है कि विपक्ष का गठबंधन बनाने का ममता का, के चंद्रशेखर राव का और अरविंद केजरीवाल का प्रयास विफल था। अभी जो विपक्षी गठबंधन है वह नीतीश कुमार का बनाया है, जिसमें ममता बनर्जी भी थीं और बाद में नीतीश व ममता दोनों बाहर हो गए। परंतु पहले ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि वह अडानी के मसले पर संसद ठप्प करने के पक्ष में नहीं है और उसके सांसदों ने कांग्रेस व दूसरी विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शन में शामिल होना बंद किया। उसके बाद ममता ने इंडिया' ब्लॉक का नेता बनने की इच्छा जाहिर की और फिर एक एक करके तमाम विपक्षी पार्टियां उनका समर्थन करने लगीं। उद्धव ठाकरे की शिव सेना के नेता संजय राउत ने भी उनका समर्थन किया तो शरद पवार ने भी उनका साथ दिया। कांग्रेस के ऑल वेदर फ्रेंड माने जाने वाले लालू यादव ने तो यहां तक कहा कि ममता बनर्जी को नेता बना देना चाहिए और कांग्रेस अगर विरोध करती है तो उस पर ध्यान देने की जरुरत नहीं है। इनमें से उद्धव ठाकरे एकमात्र नेता हैं, जिन्होंने खुल कर अडानी का विरोध किया था लेकिन ऐसा लग रहा है कि उनका विरोध महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तक सीमित था और वह भी अडानी के एक धारावी प्रोजेक्ट को लेकर था। सिद्धांत रूप से वे अडानी, अंबानी विरोधी नहीं माने जाते हैं। आखिर अंबानी के यहां शादी में बाराती बन कर जितने नेता शामिल हुए थे उनमें राहुल या नेहरू गांधी परिवार के अलावा बाकी सारे विपक्षी नेता शामिल ही थे। ममता भी थीं और लालू प्रसाद का पूरा परिवार भी था और अखिलेश यादव भी सपरिवार पहुंचे थे। लेफ्ट के नेता जरूर नहीं गए थे लेकिन संभवत- उनको बुलाया भी नहीं गया हो। लेकिन सोनिया गांधी के परिवार को न्योता देने तो मुकेश अंबानी खुद पहुंचे थे। सो, पहले ममता बनर्जी की पार्टी ने अडानी के नाम पर संसद ठप्प करने इनकार किया और उसके बाद अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने भी यही लाइन पकड़ी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सांसद पत्नी डिंपल यादव ने कहा कि अडानी मामले से सपा का कोई लेना देना नहीं है।

## सोमवती अमवस्या के दिन पितरों को प्रसन्न करने के लिए इन 5 जगहों पर जलाएं दीपक

इस साल सोमवती अमावस्या 30 दिसंबर को पड़ रही है, जो पौष अमावस्या के साथ-साथ 2024 की आखिरी अमावस्या भी है। साधक इस खास दिन पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करते हैं। सोमवती अमावस्या के दिन भक्त जन पवित्र नदियों में स्नान करना और उसके बाद दान करते हैं। ऐसा करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। अमवस्या के दिन भक्त अपने पूर्वजों के लिए प्रार्थना करते हैं उनका तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान करते हैं।

इतना ही नहीं, सोमवती अमावस्या के दिन दीपक जलाने का बहुत महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस धार्मिक कार्य से देवताओं का आशीर्वाद मिलता है और पूर्वजों को खुशी मिलती है। ऐसा करने से परिवार में सुख और समृद्धि बढ़ती है। सोमवती अमावस्या के दिन घर के बाहर मुख्य द्वार पर माता लक्ष्मी के लिए घी दीया जलाएं। इसके साथ ही पास में एक पानी का बर्तन रखें। जब तक दिया जल रहा है तब तक मुख्य द्वार का दरवाजा खुला रहना चाहिए।

## राहुल को मंझली कतार के सगतिया चाहिएं

पंकज शर्मा

जैसे कि आप जानते हैं, वैसे ही मैं भी जानता हूं कि राहुल एकला चलो' के शीरे की कड़ाही से जन्मे हैं और कोई साथ आए-न-आए, अपने गंतव्य तक अनवरत अकेले चलते रहने का माद्दा रखते हैं। इस कर्म-भाव की झौंक में यह परवाह भी वे शायद ही करते हैं कि मंज़िल तक पहुंचेंगे या नहीं? उन्हें तो बस चलते रहना है। सो, वे तो चलते रहेंगे ाज्.पर राहुल को मंझली कतार के सगतिया चाहिएं। इसलिए उन्हे अपने लिए एक कारगर मध्यम-पंक्ति की संरचना करनी है।

लोकसभा में प्रियंका गांधी के भाषण को भले ही आप अद्भुत और ऐतिहासिक की श्रेणी में न रखें, मगर इतना तो आप भी मानेंगे कि उन की संप्रेषण कुशलता ने कांग्रेसजन में एक नया उछाह पैदा किया है।

उन की स्त्रियोचित सौम्य-आक्रामकता ने सदन में बैठे अमित भाई शाह और राजनाथ सिंह समेत समूचे सत्तापक्ष की शिराओं में थोड़ी कंपकंपी पैदा की है और देश को प्रतिपक्ष, और ख़ासकर कांग्रेस, की प्रभावी भूमिका के लिए आश्वस्त किया है।

जब प्रियंका बोल रही थीं, तब राहुल गांधी भी सदन में मौजूद थे, संजीदगी से उन की कही बातें सुन रहे थे, गंभीरता से उन के कहे को गुन रहे थे और लगता था कि मन-ही-मन कांग्रेस की आगामी प्रस्तावना के धागे बुन रहे थे।

ये धागे फ़िलवक्त साढ़े चार बरस लंबे तो फैले हुए हैं ही। केंद्र की सत्ता के लिए राहुल-प्रियंका को अभी न्यूनतम साढ़े चार बरस तो राजनीतिक संघर्ष करना ही होगा।

कोई बड़ी बात नहीं कि उन का यह रास्ता साढ़े नौ साल लंबा खिंच जाए। सो, सवाल यह है कि क्या राहुल-प्रियंका तो जूझ लेंगे, मगर क्या उन के पास साढ़े चार या साढ़े नौ बरस तक युद्धरत रह सकने वाली मध्यम-पंक्ति है?

क्या ऐसे जुझारू, अविचल और प्रतिबद्ध हमजोली हर राज्य में उन की बगल में खड़े दिखाई दे रहे हैं, जो सियासत के लगातार पथरीले होते जाने वाले भावी मैदान में 54 या 114 महीने उन के साथ खड़े रहें?

और, जब मैं यह सवाल उठा रहा हूं तो मेरा सवाल इंडिया-समूह के कथित साथियों के बारे में नहीं है। इंडिया-समूह तो समझ लीजिए कि तिरोहित हो चुका है। उस की आस लगाए बैठना अब राहुल की भूल होगी।

मैं तो यह पूछ रहा हूं कि कांग्रेस के भीतर भी ऐसे लोग अब कितने रह गए हैं, जिन के भरोसे राहुल आगे की दुर्जेय राह पर चलते चले जाएंगे?

जैसे कि आप जानते हैं, वैसे ही मैं भी जानता हूं कि राहुल एकला चलो' के शीरे की कड़ाही से जन्मे हैं और कोई साथ आए-न-आए, अपने गंतव्य तक अनवरत अकेले चलते रहने का माद्दा रखते हैं।

इस कर्म-भाव की झौंक में यह परवाह भी वे शायद ही करते हैं कि मंज़िल तक पहुंचेंगे या नहीं? उन्हें तो बस चलते रहना है। सो, वे तो चलते रहेंगे।

प्रियंका भी अब इस यात्रा में उन की अटल परछाईं होंगी। लेकिन आखिर् एक राजनीतिक यात्रा इस तरह अकेले तो पूरी होती नहीं।

राजनीतिक ही क्यों, कोई भी यात्रा कब किस की अकेले पूरी हुई है? प्रभु राम की यात्रा क्या अकेले संपन्न हो पाई? श्रीकृष्ण का सफ़र् क्या एकाकी था? लक्ष्य तन्हा हासिल नहीं होते।

वे तब प्रस्थापित होते हैं, जब हर स्तर पर सेनानियों की टोलियां संग-संग चलती हैं।

इसलिए मुझे लगता है कि राहुल भले ही एकल-तपस्या के महारथी हों और अब प्रियंका के संसद में औपचारिक प्रवेश से उन की ताक़त चौगुनी हो गई हो, मगर साढ़े चार साल बाद की रणभेरी के लिए इतना ही काफी नहीं है।

राहुल को मंझली कतार के सगतिया चाहिएं और ईमानदारी की बात यह है कि कांग्रेस में न तो अभी वे दूर-दूर तक कहीं दिखाई दे रहे हैं और न उन्हें खोजने-बीनने का कोई उपक्रम कहीं नज़र् आ रहा है।

एक छोटा-सा अर्थवान समूह भी इस वक्त राहुल के आसपास मौजूद है और एक विशाल मतलबपरस्त टोली भी उन से चिपटी हुई है। नेकनीयत समूह के यादातर चेहरे वृद्धावस्था के उस चरण में पहुंच चुके हैं, जहां से वानप्रस्थ की राह आरंभ होती है।

जो उम्र के लिहाज़ से अभी दस-पंद्रह बरस राहुल की शेरपाई कर सकते हैं, उन की बदनसीबी यह है कि उन का तीन चौथाई समय ख़ुदगर्ज़ चौकड़ी के जालबट्टों की उलझनों से निपटने में बीत रहा है। यहां मैं उन बदनसीबों की बात नहीं कर रहा हूं, जो शामियाने के बाहर खड़े-खड़े कसमसा रहे हैं।

मैं उन की बात कर रहा हूं, जो बैठे तो राहुल के दस्तरख़्वान पर हैं, मगर फिर भी हर रोज़ किनारे ठेले जाते हैं।

कांग्रेस की कार्यसमिति में सत्तासीन जमात के बुद्धि-जीवियों और प्रतिपक्षी श्रम-जीवियों के बीच की यह टप्पेबाज़ी देखने-समझने के लिए किसी दिव्य-ख़ुर्दबीन की ज़रूरत नहीं है। जो अपनी अक़्ल चला कर जीवित हैं, वे मेहनत पर ज़िंदा लोगों को कहां जीने देते हैं?


कांग्रेस में यह किस्सा कोई नया नहीं है। मगर नई बात यह है कि जब से नरेंद्र भाई मोदी रायसीना पर्वत पर काबिज़ हुए हैं, तब से कांग्रेस के भीतर खोखले किरदारों की ज़रा यादा ही बहार आ गई है।

उन में से बहुत-से तो ऐसी सदाबहार-स्थिति को प्राप्त कर चुके हैं कि अगर ख़ुद राहुल-प्रियंका भी चाहें तो अब उन का बाल बांका नहीं कर सकते हैं।

राहुल-प्रियंका से आयुष्मान भव-' का आशीर्वाद पाने के बाद भस्मासुरी-रंगत में आ गए ये तत्व अब भाई-बहन पर ही भारी पडने् लगे हैं।

अपने चार दशक से यादा के पत्रकारीय जीवन में मैं ने कांग्रेस समेत किसी भी राजनीतिक दल के शीर्ष नेतृत्व को इस से पहले इतनी असहाय हालत में कभी नहीं देखा था। नरेंद्र भाई मोदी के चक्रव्यूह को तहस-नहस करने घर से निकले राहुल-प्रियंका की, पता नहीं, ऐसी कौन-सी लाचारी है कि वे कांग्रेस के भीतर के इस मकडज़ाली चक्रव्यूह को ही नहीं भेद पा रहे हैं? आज की गई-बीती हालत में भी कांग्रेस के पास 100 लोकसभा सदस्यों, 27 राज्यसभा सदस्यों और 650 विधायकों का ठीकठाक राजनीतिक संसाधन है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ आपका झुकाव रहेगा। दूसरों की मदद आदि के कार्य में रुचि बढ़ेगी। अगर आपने किसी से रुपए उधार लिए हैं तो आप जल्द उसे चुकता कर देंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कारोबार में थोड़ा सोच समझकर आगे बढ़ना आज उचित रहेगा। ठाने हुए कार्यों में आपको सफलता जरूर मिलेगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कोई खुशखबरी मिलेगी जिससे आप पूरा दिन उत्साहित रहेंगे द्य ऑफिस में दोस्तों के साथ पार्टी कर सकते हैं द्य दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आपके विचारों में उग्रता आएगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगे छात्रों को अपनी मंजिल तक पहुँचने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक क्षेत्र से जुड़े है आज आपको सम्मानित किया जाएगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। बेरोजगारों को रोजगार का मौका मिलेगा। आपको सभी रुके कार्यों में सफलता मिलेगी।

कन्या राशि: आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। अगर आप टेक्निकल कोर्स कर रहे हैं तो आपको अच्छी जॉब मिल सकती है। आज कार्यकुशलता के दम पर आप वह उपलब्धि हासिल कर लेंगे जिसकी कभी आपने तमन्ना की थी इससे आपको ख़ुशी होगी ।

तुला राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज कोई भी निर्णय लेने से पहले परिवारजन की राय अवश्य लें। किसी काम को करने की उत्सुकता बढ़ेगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम पर निकलते समय अचानक किसी फ्रेंड की काल आएगी, उनसे आपको महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। अपने जीवन को बेहतर ढंग से जीने का प्रयास करेंगे।

धनु राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज का दिन आपके रिश्ते में मिठास घोलेगा। कंस्ट्रक्शन के कारोबारियों का चल रहा काम आज पूरा हो जाएगा। आज आप पूरी तरह स्वस्थ रहेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज बुजुर्गों का धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। दोस्तों के साथ आज रेस्टोरेंट जाएंगे, जहां मस्ती का माहौल बना रहेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन नॉर्मल रहने वाला है। आज आपके किसी काम की तारीफ होगी। कॉम्पटीशन की तैयारी में आपको सफलता मिलेगी। अपने अभ्यास को जारी रखें। इस राशि की जो महिलाएं अपना बिजनेस स्टार्ट करना चाहती हैं,

मीन राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज भाई बहनों के साथ खूब मनोरंजन करेंगे।



नागालैंड से भाजपा सांसद फांगनोन कोन्याक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ राज्यसभा सभापति के पास शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन पर संसद के बाहर भाजपा और कांग्रेस के एक साथ विरोध प्रदर्शन के दौरान उनके बहुत करीब खड़े होकर उनके साथ दुर्व्यवहार करने और असुविधा पैदा करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा की राज्यसभा सांसद फंगनोन कोन्याक ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी करीब आए। मुझे यह पसंद नहीं आया और उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। आज जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए...मैंने सभापति से भी शिकायत की है।

# मोदी सरकार के लिए संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की मूल प्रेरणा : अमित शाह

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लिए संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि वंचितों के कल्याण और राष्ट्र निर्माण की मूल प्रेरणा है।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, देश की प्रगति के बारे में सार्थक चर्चा हुई। हमें बहुत लंबी लड़ाई के बाद आजादी मिली। संविधान पर चर्चा युवा पीढ़ी के लिए अच्छा है। देश कितना आगे बढ़ा, यह चर्चा जनता को इस बात का अहसास कराएगी। इस चर्चा में हम गहराई तक गए और हमारा लोकतंत्र पाताल की गहराई तक है।

अमित शाह ने कहा कि संसद के दोनों सदनों में हुई बहस देश के युवाओं के लिए शिक्षाप्रद होगी। इससे देश के लोगों को यह समझने में भी मदद मिलेगी कि किस पार्टी ने संविधान का सम्मान किया है और किसने नहीं। मैं सरदार पटेल को धन्यवाद देता हूं, क्योंकि उनके संघर्षों के कारण ही भारत दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है।

उन्होंने कहा, ये भी साफ हुआ कि जनता ने जब किसी पार्टी को जनादेश दिया, तो उसने सम्मान किया या नहीं किया। संविधान पर चर्चा युवा पीढ़ी के लिए अच्छा है। इस देश की जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से अनेक तानाशाहों का अभिमान चूर-चूर करने का काम किया है।

गृह मंत्री ने कहा, भारत की आजादी पर दुनिया मानने को तैयार नहीं थी कि यह देश संगठित रह पाएगा या संवैधानिक मूल्य स्थापित कर सकेगा, लेकिन आज आजादी के 75 साल बाद, जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो यह सरदार वल्लभभाई पटेल के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि हमारा देश मजबूती से खड़ा है।

उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि हम आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हो पाएंगे, उनको भी जनता ने व हमारे संविधान ने खूबसूरती से जवाब दिया है। आज हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर सम्मान के साथ खड़े हैं।

**पीएम मोदी देश के विकास को एक नई दिशा देना चाहते हैं : प्रेम चंद बैरवा**

जयपुर, (आरएनएस)। राजस्थान के उप-मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की आकांक्षा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाए।भारतीय जनता पार्टी की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भजन लाल के नेतृत्व में जो दृष्टिकोण है, वह देश के विकास को एक नई दिशा देने के लिए है। उनका मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को एक समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान को एक नई दिशा देने का कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने राज्य के विकास के लिए राइजिंग राजस्थान जैसी महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है।

उन्होंने कहा, राजस्थान को एक समृद्ध राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल ने उद्योगपतियों और व्यापारियों को राज्य में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। राज्य में अपार संभावनाएं हैं और उन्होंने उद्योगपतियों को बताया है कि यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। उनके दृष्टिकोण में यह साफ दिखाई देता है कि राजस्थान को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और इसके नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा करने के लिए राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा, भजन लाल की यह सोच राजस्थान के युवाओं को रोजगार देने, स्थानीय लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने और राज्य को समग्र विकास की दिशा में अग्रसर करने में सहायक सिद्ध होगी। राज्य में औद्योगिक और आर्थिक विकास के साथ-साथ, वहां के लोगों को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी जीवनशैली में भी सुधार होगा।

उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर आलोचना करती है, उनके पास कोई स्पष्ट दृष्टिकोण या योजना नहीं है।



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी अन्य नेताओं के साथ नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा संसद भवन के तीसरे सत्र के दौरान बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए न्याय की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करती हुई।



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने बिहार के बोधगया में महाबोधि मंदिर में प्रार्थना की।

## परवरिश पर उठे सवाल तो भड़कीं सोनाक्षी, 'रामायण' का जिक्र कर मुकेश खन्ना को दी चेतावनी

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड की 'दबंग' सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर उनकी परवरिश पर सवाल उठाने वाले 'शक्तिमान' मुकेश खन्ना को जमकर खरीखोटी सुनाई। 'रामायण' का जिक्र करते हुए अभिनेत्री ने मुकेश खन्ना को चेतावनी भी दी और कहा कि मेरे बारे में ऐसे बयान सोच-समझकर दें।

बरसों पहले रामायण से जुड़े सवालों के जवाब न देने पर ट्रोल हुई अभिनेत्री का मामला एक बार फिर से सुर्खियों में छाया है। हालांकि, इस बार अभिनेत्री ने जवाब देना मुनासिब समझा और इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक नोट साझा कर लिखा, प्रिय मुकेश खन्ना सर जी, मैंने हाल ही में आपका एक बयान पढ़ा था। आपने, एक शो में रामायण के बारे में पूछे गए प्रश्न का सही उत्तर न देने पर इसे मेरे पिता की गलती बताई थी और मेरी परवरिश पर सवाल उठाए थे।

मैं सबसे पहले आपको याद दिला दूं कि उस दिन हॉट सीट पर मेरे साथ दो और महिलाएं थीं, जिन्हें उसी प्रश्न का उत्तर नहीं पता था, लेकिन आपने केवल मेरा नाम लिया, जिसकी वजह स्पष्ट है। हां, मैं उस दिन को भूल गई और यह एक मानवीय प्रवृत्ति है। मैं भूल गई कि संजीवनी बूटी किसके लिए लाई गई थी, लेकिन स्पष्ट रूप से आप भगवान राम द्वारा सिखाए गए क्षमा और भूल जाने के कुछ पाठ भी भूल गए।

अगर भगवान राम मंथरा को माफ कर सकते हैं, अगर वह कैकेयी को माफ कर सकते हैं। अगर वह महान युद्ध के बाद रावण को भी माफ कर सकते हैं, तो निश्चित रूप से आप इस छोटी सी बात को कैसे भूल सकते हैं। ऐसा नहीं है कि मुझे आपकी माफी चाहिए। लेकिन हां, मैं चाहती हूं कि आप इन बातों को भूल जाएं और एक ही घटना को बार-बार उठाना बंद करें ताकि मैं और मेरा परिवार इन बातों को लेकर खबरों में आना बंद करे।

चेतावनी देते हुए अभिनेत्री ने लिखा, अगली बार जब भी आप मेरे पिता द्वारा की गई मेरी परवरिश के बारे में कुछ भी कहने के बारे में सोचें तो याद रखें कि उन मूल्यों के कारण ही मैंने अपनी बात को सॉफ्ट तरीके से सम्मान पूर्वक कहा। इसके बाद आपने मेरे मूल्यों को लेकर कुछ बेबुनियाद बयान देने का फैसला किया तो मुझे कठोर होना पड़ेगा।

दरअसल, मामला साल 2019 का है, जब अमिताभ बच्चन के शो %कौन बनेगा करोड़पति% में सोनाक्षी से पूछा गया था कि भगवान हनुमान संजीवनी बूटी किसके लिए लाए थे। इस प्रश्न का जवाब सोनाक्षी नहीं दे पाई थीं।

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में मुकेश खन्ना ने सोनाक्षी को लेकर बात की और इस बात पर नाराजगी जाहिर की थी कि सोनाक्षी को इतना भी नहीं पता था कि बूटी कौन लेकर आया था?

उन्होंने कहा था, मैं कहूंगा कि यह उनकी नहीं बल्कि उनके पिता की गलती है। उन्होंने अपने बच्चों को यह क्यों नहीं सिखाया? अगर मैं आज शक्तिमान होता तो मैं बच्चों को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के बारे में जानकारी देता और उन्हें सही चीजें सिखाता।

## अब नए हैंडबैग के साथ संसद पहुंची प्रियंका गांधी , इस बार बांग्लादेशी हिंदुओं की बात

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की एक तस्वीर सामने आई है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रियंका गांधी मंगलवार को एक हैंडबैग लेकर पहुंचीं, जिसमें लिखा है, बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों।

इस बैग पर एकता को दर्शाती मुट्ठी और शांति दूत कबूतर बने हैं।

केरल की वायनाड सीट से सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को लोकसभा में बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की थी। प्रियंका गांधी वाड्रा ने शून्यकाल के दौरान बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो अत्याचार हो रहा है, सरकार को उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, बांग्लादेश सरकार से बातचीत करनी चाहिए और पीड़ितों को पूरा समर्थन देना चाहिए। दूसरा दिन है जब प्रियंका गांधी खास संदेश से बना बैग लेकर पहुंची हैं। एक दिन पहले वो फिलिस्तीन के समर्थन वाला हैंडबैग लेकर पहुंची थीं। जिसमें उनका फिलिस्तीन प्रेम दिखाई दिया था। संसद के शीतकालीन के दौरान प्रियंका गांधी सोमवार को एक बैग लेकर पहुंचीं, जिसमें फिलिस्तीन लिखा हुआ था। इस बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना है।



जयपुर में एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राजस्थान के रा%यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य।

## सांसद विजय कुमार ने बेरोजगारी संकट को लेकर दिया स्थगन प्रस्ताव

नई दिल्ली (आरएनएस)। कन्याकुमारी लोकसभा सांसद विजय कुमार उर्फ विजय वसंत ने सीएमआईई और पीएलएफएस डेटा का हवाला देते हुए भारत के गहराते बेरोजगारी संकट पर चर्चा करने के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया है। डेटा सितंबर 2024 में बेरोजगारी दर 7.8त्न दिखाता है। वहीं जुलाई 2023 से जून 2024 के बीच रोजगार में पर्याप्त सुधार देखने को मिला है। विजय वसंत ने स्थगन प्रस्ताव में नौकरी के बिना रह गए प्रशिक्षित रेलवे प्रशिक्षुओं की दुर्दशा, कैडर आवंटन की प्रतीक्षा कर रहे 125 से अधिक यूपीएससी-योग्य उम्मीदवारों और निजीकरण और नीतिगत बदलावों के प्रभाव के कारण एलआईसी, डाक सेवाओं और प्रमुख सार्वजनिक संस्थानों में नौकरी छूटने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। विजय वसंत ने स्थिर रोजगार, तत्काल नौकरी पोस्टिंग और मजबूत रोजगार सृजन योजनाओं की आवश्यकता पर बल देते हुए सरकार से इन चिंताओं को तत्काल संबोधित करने का आग्रह किया। बेरोजगारी को राष्ट्रीय आपातकाल बताते हुए सांसद ने आजीविका की रक्षा, आर्थिक स्थिरता बहाल करने और रोजगार सृजन के वादों को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

## वन नेशन, वन इलेक्शन सवैधानिक ढांचे पर प्रहार : तेजस्वी यादव

मधेपुरा (आरएनएस)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पेश किया। वहीं, बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बिल का विरोध करते हुए कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन संवैधानिक ढांचे पर प्रहार है।

तेजस्वी यादव अपने कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा को लेकर मधेपुरा पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान वन नेशन, वन इलेक्शन का विरोध करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के मुद्दे गौण हो जाएंगे। प्रदेश के चुनाव स्थानीय मुद्दे पर होते हैं, वह मुद्दा समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एजेंडे को लागू करना चाहते हैं, इसीलिए हमलोग कहते हैं कि ये लोग संविधान के विरोधी हैं। अभी भाजपा के लोग कह रहे हैं, वन नेशन, वन इलेक्शन, फिर आगे कहेंगे वन नेशन, वन पार्टी और उसके बाद कहेंगे कि वन नेशन, वन लीडर। आखिर इसका मतलब क्या है? बाद में पता चलेगा कि अब प्रदेश में विधानसभा चुनाव की जरूरत ही नहीं है, नॉमिनेटेड मुख्यमंत्री दे दो। इसलिए, भाजपा के लोग मुख्य मुद्दे पर बात ही नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा कि इसे लेकर कम खर्च होने का तर्क दिया जा रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री विज्ञापन पर करोड़ों रुपए खर्च करते हैं। 11 साल में केंद्र सरकार विज्ञापन पर कितना खर्च की है, यह बता दे। उन्होंने एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित महिला संवाद यात्रा को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी 15 दिन की यात्रा पर 2 अरब 25 करोड़ 78 लाख रुपये खर्च कर रहे हैं,

### सीएम फडणवीस की नागपुर रैली में लुटेरों की हो गई मौज, भीड़ में से 26 लाख के गहने चोरी, 11 आरोपी गिरफ्तार

नागपुर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेंद्र फडणवीस पहली बार नागपुर पहुंचे। उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं ने भव्य रैली का आयोजन किया था। एयरपोर्ट से लक्ष्मी नगर चौक तक जुलूस भी निकाला गया। इस दौरान लुटेरों की मौज हो गई।

सीएम फडणवीस की रैली में चेन स्नेचिंग और गहने- जेवरात जमकर लूटे गए। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने लूट-पाट और चेन स्नेचिंग गिरोह के 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने 33 लोगों के लगभग 26 लाख रुपए के गहने चोरी कर लिए। इस मामले में बजाज नगर पुलिस में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उनका एक साथी फरार है। 7 आरोपियों को कार्यकर्ताओं ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। सभी आरोपियों को 19 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली में संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की.



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लंबे समय से निजी सहयोगी रहे पीपी माधवन को केरल के त्रिशूर स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया और उन्होंने ही हटाया भी : रामगोपाल यादव

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के सहयोगी दल और इंडिया अलायंस के एक महत्वपूर्ण घटक समाजवादी पार्टी (सपा) ने मंगलवार को राज्यसभा में आपातकाल का जिक्र किया। संविधान पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को आपातकाल लगाने का खामियाजा चुनावी हार के रूप में भुगतना पड़ा था। उन्होंने आपातकाल हटाने का श्रेय भी इंदिरा गांधी को ही दिया।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए गए और इसका दंड भी कांग्रेस को ही भुगतना पड़ा। 1977 के चुनाव में कांग्रेस सारे उत्तर भारत में हार गई थी। इंदिरा जी ने आपातकाल लगाया था, लेकिन, आपातकाल को न हमने हटाया और न आपने हटाया। आपातकाल को हटाया भी इंदिरा जी ने ही था।

सपा सांसद ने कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल है। 1978 में संविधान संशोधन के जरिए जो विकृतियां हुई थी, उन्हें खत्म कर दिया गया। केवल नागरिकों के कर्तव्य और जो हमारी प्रस्तावना में संशोधन हुए थे, उन्हें बरकरार रखा गया है। प्रस्तावना में संशोधन के जरिए सोशलिस्ट और सेकुलर शब्द को जोड़ा गया।

इससे पहले चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के सांसदों ने पूर्ववर्ती सरकारों को संविधान की प्रस्तावना में सोशलिस्ट और सेकुलर शब्द जोड़ने के लिए जिम्मेदार बताया था।

रामगोपाल यादव ने सत्ता पक्ष पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग यह कहते हैं कि सेकुलर और सोशलिस्ट शब्द कहां से जोड़ दिए गए। इनकी याददाश्त बहुत कमजोर है, जनता पार्टी की सरकार थी, उसी ने यह स्वीकार किया था।

उन्होंने सत्ता पक्ष से कहा कि आपके दो सबसे बड़े नेता उस सरकार में थे। देश के सबसे सम्मानित नेताओं में शामिल अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे और लालकृष्ण आडवाणी सूचना एवं प्रसारण मंत्री थे। यह सब उनमें शामिल थे, जिन्होंने इसको रिटेन किया। हमारे देश में खास तौर पर सबसे बड़े राज्य में मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है। उत्तर प्रदेश के संभल में जिस तरह से लोगों को मारा गया, आर्टिकल-21 में क्या लिखा है।



भारत के सबसे सफल स्पिन गेंदबाजों में से एक रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कप्तान रोहित शर्मा के साथ मौजूद रहते हुए यह खबर सुनाई। यह खबर न केवल उनके प्रशंसकों के लिए बल्कि कई बॉलीवुड हस्तियों के लिए भी चौंकाने वाली थी। आश्चर्यजनक खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, कई लोकप्रिय बी-टाउन सेलेब्स ने अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भारत के सर्वकालिक महान गेंदबाजों में से एक को श्रद्धांजलि दी।

जबलपुर दिन शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024

दैनिक क्षितिज किरण 6

# मिनी ड्रेस पहन भोजपुरी क्वीन मोनालिसा ने शेयर किया हॉट लुक, फोटोज देख नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस



अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने रेड कलर की मिनी ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही किलर और हॉट नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर अपना प्यार लूटाते हैं।

ओपन हेयर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही कानों में मैचिंग के इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा शानदार तरीके से निखारा है।

भोजपुरी क्वीन मोनालिसा ने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। भले ही एक्ट्रेस इन दिनों किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हो लेकिन आए दिन अपने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका सेक्सी अंदाज देखकर लोगों की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही छा जाता है।

तस्वीरों में आप देख सकते हैं मोनालिसा मदमस्त अंदाज में पोज देती हुई कैमरे के सामने बलखाती हुई पोज दे रही हैं। मोनालिसा की इन फोटोज को पोस्ट किए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 7 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने उनकी तस्वीरों पर लाइक्स कर दिए हैं।

## सोनू सूद की फतेह में दिखेगा यो यो हनी सिंह का जादू, हिटमैन की बताई रिलीज डेट

अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'फतेह' की रिलीज को लेकर एक्साइटेड अभिनेता सोनू सूद फैंस के साथ पल-पल के अपडेट शेयर करते हैं। सूद ने एक पोस्टर शेयर कर फैंस को बताया कि फिल्म के नए गाने 'हिटमैन' में हनी सिंह का जादू दिखेगा।

अपकमिंग फिल्म फतेह के तड़क-भड़क म्यूजिक से सजे गाने का टाइटल 'हिटमैन' है और इसमें सोनू सूद का कमाल और रैपर हनी सिंह का स्वैग एक साथ देखने को मिलेगा।

गाने के पोस्टर को शेयर कर अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, खुश होने के लिए तैयार हो जाइए। 'हिटमैन' गाना 17 दिसंबर को रिलीज होगा! फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

'हिटमैन' में सोनू सूद के साथ हनी सिंह का शानदार कोलाब देखने को मिलेगा,

# मौनी रॉय ने जताई डांस आधारित फिल्म में काम करने की इच्छा



एंटरप्रेन्योर-अभिनेत्री मौनी रॉय का ऑन-स्क्रीन उपस्थिति से सुर्खियां बटोरना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में एक बातचीत में, उन्होंने विभिन्न डांस कला को सीखने के अपने जुनून का खुलासा किया और एक डांस-आधारित फिल्म करने में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने साझा किया, मुझे विभिन्न प्रकार के डांस सीखना पसंद है, और कहा, मैं एक दिन ऐसी फिल्म पर काम करने के अवसर की प्रतीक्षा कर रही हूं! मौनी अक्सर अपने सोशल मीडिया के जरिए डांस के प्रति अपना दीवानगी जाहिर करती रहती हैं। वह अक्सर विभिन्न डांस शैलियों में अपने प्रदर्शन के वीडियो और इम्प्रोम्प्टू डांस सेशन साझा करती हैं। पर्दे पर अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर अभिनेत्री ने खुलासा किया कि डांस उनकी लव लैंग्वेज है और यह उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती है। वर्तमान में, मौनी कई रोमांचक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिससे प्रशंसकों में उत्सुकता बनी हुई है कि आगे क्या होगा। वह सक्रिय रूप से कई दिलचस्प स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं। डांस के प्रति अपने बढ़ते उत्साह और आशाजनक परियोजनाओं के साथ, मौनी रॉय अपने ऑन-स्क्रीन करिश्मा से अपने प्रशंसकों को प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**कार्तिक आर्यन के हाथ लगी नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म, पूरी हो गई ये दिली-तमन्ना**

अभिनेता कार्तिक आर्यन को पिछली बार फिल्म भूल भुलैया 3 में देखा गया और उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की।आने वाले दिनों में कार्तिक कई बड़ी और दिलचस्प फिल्मों में नजर आने वाले हैं।उनके खाते से एक और नई फिल्म जुड़ गई है, जिसके निर्देशन की कमान एक बार फिर सत्यप्रेम की कथा के निर्देशक समीर विद्वांस ने संभाली है।

## राम चरण ने लॉन्च किया साई दुर्गा तेज की पैन-इंडिया फिल्म का ग्लिम्प्स, टाइटल हुआ रिवील

राम चरण ने साई दुर्गा तेज की आगामी पैन-इंडिया फिल्म का ग्लिम्प्स लॉन्च कर दिया है. इस फिल्म का टाइटल सांबराला येति गट्टू रखा गया है. यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है और इसे पैन-इंडिया रिलीज किया जाएगा. फिल्म को के निरंजन रेड्डी और चैतन्य रेड्डी ने प्रोड्यूस किया है, जबकि इसका निर्देशन रोहित केपी कर रहे हैं. आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही यह फिल्म 25 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. लॉन्च इवेंट के दौरान राम चरण ने फिल्म के ग्लिम्प्स की तारीफ की और इसे दर्शकों के लिए एक अनोखा अनुभव बताया. सोशल मीडिया पर इस फिल्म का टाइटल और ग्लिम्प्स तेजी से वायरल हो रहा है, और फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं. फिल्म से जुड़े सभी अपडेट्स और इसके प्रोमोशन्स को लेकर फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. सांबराला येति गट्टू का यह पहला झलक वाकई में फिल्म के प्रति उत्साह बढ़ा रही है. संबरला यति गट्टू शीर्षक एक अनूठी और दिलचस्प कहानी का सुझाव देता है, जो अपने अपरंपरागत नाम और एक नई कहानी के वादे के लिए ध्यान आकर्षित करता है। झलक में तीव्र एक्शन, नाटकीय कहानी और एक विशिष्ट सांस्कृतिक स्वाद का मिश्रण दिखाई देता है जो बताता है कि फिल्म विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों को पसंद आएगी। के. निरंजन रेड्डी और चैतन्य रेड्डी द्वारा निर्मित, इस फिल्म में चर्चा पैदा करने के लिए सभी तत्व हैं, इसके पीछे एक शानदार टीम है, जिसमें निर्देशक रोहित केपी भी शामिल हैं। संबरला यति गट्टू का हिंदी लुक बहुत धूमधाम से लॉन्च किया गया था और इसने जल्द ही देश के कोने-कोने से प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। हाई-एनर्जी टीज़र एक मनोरंजक कहानी की ओर इशारा करता है जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगी और राम चरण के समर्थन के साथ, फिल्म ने और भी अधिक विश्वसनीयता हासिल कर ली है। आरकेडी स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत यह अखिल भारतीय फिल्म अपने सार्वभौमिक विषयों और आकर्षक दृश्यों की बदौलत विविध भाषाई बाजारों में बड़ा प्रभाव डालने के लिए तैयार है।

## पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 10: 1200 करोड़ का आंकड़ा पार, भारत में पुष्पाराज ने तोड़ा आरआरआर का रिकॉर्ड

अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना की नई फिल्म पुष्पा 2 : द रूल को सभी पसंद कर रहे हैं. यह फिल्म दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही हैं. इसने जवान, कल्कि 2898 एडी, पठान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. बॉक्स ऑफिस पर अपने रिलीज के 10वें दिन, पुष्पा 2: द रूल ने एक बार फिर गति पकड़ी और फिर एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया. इसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर राम चरण और जूनियर एनटीआर की फिल्म आरआरआर को पीछे छोड़ दिया है. ऐसा लग रहा है कि पुष्पा 2 भारत नेट कलेक्शन के साथ ही 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी. सैकनिल्क की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पा 2: द रूल ने अपने दूसरे शनिवार के आंकड़ों के साथ 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. फिल्म ने अपने दसवें दिन यानी दूसरे शनिवार को सभी भाषाओं में 62.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. फिल्म का कुल कलेक्शन अब 824.5 करोड़ रुपये हो गया है.

फिल्म ने पहले हफ्ते में दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये का पार किया. पहला सप्ताह शानदार बीतने के बाद अल्लू अर्जुन की नई फिल्म दूसरे वीकेंड पर भी नए रिकॉर्ड कायम कर रही हैं. फिल्म ने रिलीज के 10 दिन 100 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. यह सुकुमार की निर्देशित फिल्म के लिए नई उपलब्धि है. इस बंपर कमाई के बाद पुष्पा 2 एसएस राजामौली की निर्देशित फिल्म आरआरआर को पछाड़ दिया है. सैकनिल्क के अनुसार, आरआरआर ने भारत में सभी भाषाओं में 782.2 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया था. पुष्पा 2 अब आरआरआर के 782.2 करोड़ रुपये के लाइफटाइम कलेक्शन को पार कर टॉप 3 भारतीय फिल्म (इंडिया नेट कलेक्शन) की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कर लिया है. पुष्पा 2 ने अब तक अपने हिंदी वर्जन में सबसे ज्यादा कमाई कर रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 8 दिनों में अल्लू अर्जुन की फिल्म ने हिंदी में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल 434 करोड़ रुपये कमाए. 8वें दिन सुकुमार की निर्देशित फिल्म ने 27.5 करोड़ रुपये कमाए. जबकि 9वें दिन इसने 27 करोड़ रुपये कमाए. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरे शनिवार को पुष्पा 2 के हिंदी वर्जन ने कुल कलेक्शन में करीब 46 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. इसी के साथ पुष्पा 2 ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. 10 दिनों में अब अल्लू स्टारर के हिंदी वर्जन की कुल कमाई 507 करोड़ रुपये हो गए हैं. इस आंकड़े के साथ पुष्पा 2 हिंदी वर्जन ने रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल को पीछे छोड़ दिया है. एनिमल ने 39दिनों में 500.15 करोड़ रुपये कमाए थे. बीते शनिवार को फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजयबालन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्पा 2 के लेटेस्ट वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में अपडेट साझा किया. मनोबाला विजयबालन के मुताबिक, पुष्पा 2 ने 1200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है.

## उन्नी मुकुंदन स्टारर मार्को की रिलीज डेट का हुआ एलान, 20 दिसंबर को दस्तक देती फिल्म

उन्नी मुकुंदन की आगामी बहुभाषी फिल्म, मार्को, भारतीय फिल्म उद्योग में हलचल मचा रही है। शरीफ मुहम्मद के क्यूब्स इंटरनेशनल द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर, आईएमडीबी पर सबसे अधिक प्रतीक्षित नई भारतीय फिल्मों की सूची में शीर्ष पर है। बुकमायशो पर 100के की रेटिंग के साथ, मार्को को देश भर के फिल्म प्रेमियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है। फिल्म में उन्नी मुकुंदन, सिद्दीकी, जगदीश, एंसन पॉल और कई नए कलाकारों सहित कई प्रभावशाली कलाकार हैं।

मार्को का निर्देशन हनीफ अदेनी ने किया है, जो अपनी असाधारण कहानी कहने की कला के लिए जाने जाते हैं। फिल्म की पांच भाषाओं - हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में बहुभाषी रिलीज - भारतीय सिनेमा के विशाल बाजार में अपनी जगह बनाने के लिए एक रणनीतिक कदम है।

# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर हैं चिंतित, इन आदतों को सुधारें, नहीं तो होगा नुकसान



आजकल सबकी जिंदगी इतनी फास्ट हो गई है कि हम अपनी मेंटल हेल्थ पर ध्यान ही नहीं दे पाते हैं. जब तक कुछ बहुत बड़ा नहीं हो जाता, हम सोचते रहते हैं कि सब ठीक है. लेकिन असल में, मानसिक रुप से स्वास्थ्य रहना उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक रुप से स्वास्थ्य रहना. अगर हम मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं, तो हमारी बाकी जिंदगी भी ठीक से नहीं चल सकती. तो आइए आज हम बात करते हैं कि कैसे अपनी मानसिक सेहत का ध्यान रखें और क्या आदतें हमारी सेहत को बिगाड़ सकती हैं.

मेंटल हेल्थ की समस्याएं

हम क्या खाते हैं, हमारी दिनचर्या कैसी है, और हम कब सोते हैं, इन सबका असर हमारी मेंटल हेल्थ पर पड़ता है. अगर हम सही से नहीं सोते, हमारे मन में निगेटिव बिचार आते हैं या हम सोचते हैं और साथ मे गलत खानपान रखते हैं. तो हमारी मानसिक स्थिति बिगड़ सकती है. हमें इन आदतों को पहचानकर सुधारने की कोशिश करनी चाहिए. सही दिनचर्या और अच्छे विचारों से हम अपनी मानसिक सेहत को ठीक रख सकते हैं.

सोशल मीडिया का असर

आजकल के समय में सब लोग मोबाइल पर लगे रहते हैं, खासकर सोशल मीडिया पर. लेकिन क्या आप जानते हैं, यह हमारी मेंटल हेल्थ के लिए सही नहीं है? अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताने से मानसिक समस्याएं बढ़ सकती हैं. सोशल मीडिया से थोड़ा दूर रहना जरूरी है.

सोच को सकारात्मक रखें

कभी-कभी हम खुद को नकारात्मक तरीके से सोचते हैं, जैसे मैं यह नहीं कर सकता या मैं अच्छा नहीं हूं. ऐसे बिचार हमारी मानसिक स्थिति को और खराब कर सकता है. इसलिए, हमें अपनी सोच को सकारात्मक रखना चाहिए. अच्छे विचारों से हम अपनी मानसिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं.

नींद का महत्व

क्या आप जानते हैं कि नींद भी हमारी मानसिक सेहत को प्रभावित करती है? अगर हम सही से नहीं सोते, तो हमारी याददाश्त कमजोर हो सकती है और तनाव भी बढ़ सकता है. इसलिए हमें हर दिन 7 से 9 घंटे की नींद लेनी चाहिए. सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और एक शांत वातावरण में सोने की कोशिश करें.

मेंटल हेल्थ को ठीक रखना बहुत जरूरी है. इसके लिए हमें अपनी आदतों को सुधारने की जरूरत है, जैसे सही दिनचर्या अपनाना, सोशल मीडिया से थोड़ा दूर रहना और सकारात्मक सोच रखना. इससे हम मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और खुशहाल जिंदगी जी सकते हैं.

# बिना परफ्यूम के भी आपके बॉडी से आएगी अच्छी खूशबू, इन टिप्स को करें फॉलो



कहीं से भीनी-भीनी खुशबू आती है, तो हमारा मन उसकी ओर खुद ही खिंचने लगता है. खुशबू नेचर का हिस्सा है, और हर नेचुरल चीज हमें अपनी ओर आकर्षित करती है. यही वजह है कि एक अच्छी महक हमारे मूड को सुधारने के साथ-साथ हमारे पर्सनालिटी को भी दर्शाती है. अब जरा सोचिए, अगर कोई व्यक्ति महंगे कपड़े पहनता हो, लेकिन उससे गंदी बदबू आ रही हो, तो क्या आप उसके पास खड़े रहना चाहेंगे? शायद नहीं. वहीं, साधारण कपड़े पहनने वाले किसी व्यक्ति से अच्छी खुशबू आती हो, तो वह तुरंत ही आपको प्रभावित कर सकता है.

सुगंध का चलन युगों पुराना है. पहले के समय में लोग फूलों और प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल करके नहाने के पानी को महकदार बनाते थे. इसके अलावा, सुगंधित लकड़ियों को जलाकर उनके धुएं से बालों और वातावरण को महकाया जाता था. पुदीना, गुलाब, नींबू और चमेली जैसे फूलों और हर्ब्स का इस्तेमाल त्वचा और वातावरण को खुशबूदार बनाए रखने के लिए किया जाता था.

आजकल परफ्यूम और इत्र का चलन बढ़ गया है, लेकिन इनमें मौजूद केमिकल्स कई बार एलर्जी का कारण बन सकते हैं. ऐसे में नैचुरस तरीकों से खुशबू बने रहना न सिर्फ सेहत के लिए बेहतर है, बल्कि यह आपकी स्किन और पर्सनालिटी दोनों को संवारता है. तो हम आपको बताने जा रहे हैं नैचुरल तरीकों से खुशबूदार बनने की टिप्स

ओरल हाईजीन का रखें ध्यान

अच्छी सुगंध के लिए सबसे पहले अपनी साफ-सफाई का ख्याल रखें. दिन में दो बार ब्रश करें और माउथवॉश का इस्तेमाल करें. अगर पेट खराब हो या सर्दी-जुकाम हो, तो सही उपचार करें, क्योंकि इनसे भी मुंह से दुर्गंध आ सकती है.

पानी पिएं पर्याप्त मात्रा में

सर्दियों में पानी कम पीने की आदत पसीने से दुर्गंध का कारण बन सकती है. चाहे मौसम कोई भी हो, शरीर को हाइड्रेटेड रखना जरूरी है.

संतुलित आहार का सेवन करें

तले हुए और बाहरी भोजन से परहेज करें. हेल्दी डाइट न केवल शरीर को फिट रखती है, बल्कि शरीर से निकलने वाली गंध को भी नियंत्रित करती है.

डिओडोरेंट बाम का इस्तेमाल करें

केमिकल-फ्री डिओडोरेंट बाम पसीने की दुर्गंध रोकने में मददगार होते हैं और आपकी त्वचा पर भी कोमल रहते हैं.

खुशबूदार बॉडी ऑयल और एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करें

बाजार में कई तरह के खुशबूदार बॉडी ऑयल उपलब्ध हैं. ये त्वचा को नमी देने के साथ-साथ प्राकृतिक खुशबू भी प्रदान करते हैं. आप एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल बालों और कपड़ों में भी कर सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य -268

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 267 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| श्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना चरगवां में श्रीमती खुशबू चौबे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम गंगई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका मायका ग्राम ललपुर में है उसकी शादी अप्रेल 2019 को ग्राम गंगई निवासी नितिन चौबे के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी उसकी शादी में मां ने दहेज में लगभग 5 लाख रूपये का सामान एवं नगदी 2 लाख रूपये दिये थे एवं शादी में लगभग तीन लाख रूपये खर्च हुये थे व अपनी ससुराल में 3 साल तक पति सास ससुर के साथ गंगई में रही है



## मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों में पूर्व केबिनेट मंत्री अंचल सोनकर और वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में सैकडों हितग्राही हुए लाभांवित



# केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर कर रहीं है सबका उत्थान

### पश्चिम, उत्तर मध्य, पूर्व, केन्ट, एवं पनागर, विधानसभा क्षेत्रों में 13 स्थानों पर आयोजित किये गए शिविर





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा अनुरूप भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने आज दिनांक 19 दिसम्बर को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के साथ पूर्व केबिनेट मंत्री अंचल सोनकर, पार्षद एवं एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, पार्षद अमरीश मिश्रा, सुनील पुरी गोस्वामी, श्रीमती पूजा श्रीराम पटैल, श्रीमती शारदा बाई कुशवाहा, श्रीमती लक्ष्मी जय चक्रवर्ती, श्रीमती रेणु राकेश कोरी, अतुल जैन दानी, विमल राय, श्रीमती कविता रैकवार, मोहम्मद कलीम, अनुराग दाहिया, सतेन्द्र कुमार चौबे एवं गोवर्धन कश्यप की उपस्थिति में सैकड़ो हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा आयोजित हो रहे इन शिविरों में हर पात्र व्यक्ति और हितग्राहियों को सरकारी योजना का लाभ देने के लिए हम सभी प्रयासरत हैं और रहेगें, कोई भी व्यक्ति किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहे हमारा यही प्रयास है। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हए बताया कि इन शिविरों का पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत त्रिपुरी वार्ड शासकीय स्कूल सगड़ा वार्ड कार्यालय, वीरसावरकर वार्ड जोन कार्यालय कछपुरा, गौरीघाट वार्ड रेत नाका कंचनपुर, एवं जार्ज डिसिल्वा सेठ नत्थुमल स्कूल के सामने गोरखपुर, उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जवाहरगंज वार्ड शा.प्राथ. शाला तिलक भूमि तलैया, डॉ. राम मनोहर लोहिया वार्ड सरस्वती शिशु मंदिर त्रिमूर्ति नगर, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड बुनियादी स्कूल, जयप्रकाश नारायण वार्ड तुलसी नगर पार्क, पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शहीद अब्दुल हमीद वार्ड कटरा खेरमाई मंदिर, हनुमानताल वार्ड दुर्गा मंदिर के पास, संजय गांधी वार्ड वार्ड पार्षद कार्यालय हुसैनिया मस्जिद के पास, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड राम नगर मैदान, एवं पनागर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भगवान परशुराम वार्ड शासकीय स्कूल करमेता में आयोजन हुआ।

महापौर श्री अन्नू ने बताया कि इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने सैंकड़ो हितग्राही पहुँचे। जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों ने शिविर में आए हुए हितग्राहियों को हर योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें उनका लाभ दिलाया। हितग्राहियों ने भी अपनी पात्रता अनुसार चल रही इन विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया। शिविरों में एक ही स्थान पर अनेकों योजनाओं का लाभ लेते हुए हितग्राहियों के भी चेहरे खिल उठे। विदित हो कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर हर व्यक्ति के उत्थान के लिए यह कल्याणकारी योजनाएँ चल ही है। जिससे प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी परेशानी के इन योजनाओं का लाभ इन शिविरों के माध्यम से मिल रहा है। शिविर में अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, संभागीय अधिकारी मयंक चौरसिया, राजस्व निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**26 दिसम्बर को यहाँ आयोजित होगें शिविर**

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर दिनांक वार आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 26 दिसम्बर 2024 को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटैल वार्ड वार्ड कार्यालय बाजनामठ, मदन महल वार्ड कार्यालय शारदा चौक, दादा बाबूराव परांजपे वार्ड महादेव मंदिर ट्रस्ट के सामने, पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मौलाना अब्दुल कलाम वार्ड लाल उर्दू स्कूल, द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड रजक धर्मशाला, जवाहर लाल नेहरू वार्ड अम्बेडकर भवन, महर्षि अरविन्द वार्ड पार्षद कार्यालय के पास कंजड़ मोहल्ला, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड टेड़ी नीम मैदान वार्ड पार्षद कार्यालय, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शहीद भगत सिंह वार्ड बड़ा पत्थर सामुदायिक भवन, उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड नवीन विद्या भवन, महाराजा अग्रसेन वार्ड चन्द्रशेखर पार्क एवं पनागर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ए.पी.जे. अब्दुल कलाम आजाद वार्ड पंचायत भवन अमखेरा में आयोजित किये जायेगें शिविर। निगमायुक्त ने सभी हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने अपील की है।

## जिला पंचायत सीईओ की मनमानी,तानाशाही,के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा अबाक्स ने ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिला पंचायत जबलपुर के प्रभारी सीईओ मनोज सिंह की मनमानी तानाशाही एवं एस सी एस टी विरोधी कार्यप्रणाली को लेकर जिला पंचायत में आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ ने नारे बाजी करते हुए प्रदर्शन किया और रैली के रूप में कंट्रोल रूम घंटाघर पहुँचे जहां कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार आर डी धुर्वे को सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष देवेश चौधरी ने कहा कि सी ई ओ की हठधर्मिता के चलते कर्मचारियो को आर्थिक नुकसान हो रहा है,उनके समयमान वेतनमान एवं अन्य जायज प्रकरणो को जानबूझकर लंबित रखा जाता है एवं अनावश्यक आपत्ति एवं टीका-टिप्पणी की जाती है,जिससे पीसीओ सहित अन्य संवर्ग को नुकसान हो रहा है प्रभारी सीईओ सहित लेखाधिकारी पर कार्यवाही की मांग की । इस अवसर पर अबाक्स के देवेश चौधरी,अतुल मिश्रा,तेजकुमार भगत, तरुण रोहितास ,डॉ बी एल झारिया, कमलेश धपोड़कर,धर्मेंद्र कुशवाहा, एस पी मरावी,महेश कोरी,शारदा पटेल,शुभम चौधरी, राकेश मून,श्यामू कोरी,महेश अहिरवार,इंद्रकुमार झरिया,जीवन लाल जाटव,सम्यक बौद्ध,अशोक गुप्ता,सोनेलाल उरेती,रामलखन चौधरी,दीपक चौधरी,उमांचरण झारिया,दिनेश चौधरी, एस के प्रधान, एस आर चढार,जमुना चौधरी,राजकुमार सिंह ,डेनियल इब्राहिम प्रकाश नागले,अनिल जाट आदि उपस्थित थे।

## भारत में सड़क हादसे क्यों बढ़ रहे हैं?

पारस राठौर

जबलपुर – भारत में सड़क हादसे एक गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। हर साल हजारों लोग इन हादसों में अपनी जान गंवाते हैं, और लाखों लोग घायल हो जाते हैं। यह समस्या न केवल मानवीय पीड़ा को बढ़ा रही है, बल्कि देश की आर्थिक और सामाजिक संरचना पर भी गहरा प्रभाव डाल रही है। सड़क हादसों की बढ़ती संख्या के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं।

**यातायात नियमों की अनदेखी**

सबसे बड़ा कारण यातायात नियमों का पालन न करना है। ओवरस्पीडिंग, रेड लाइट जम्प करना. हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करना, और शराब पीकर वाहन चलाना आम समस्याएं हैं। लोग अक्सर अपनी सुविधा के लिए नियम तोड़ते हैं, जो हादसों को बढ़ावा देता है। भारत में कई सड़कों की हालत खराब है। गड्ढे, गलत डिज़ाइन, और अपर्याप्त संकेतक सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़कें अक्सर मानकों पर खरी नहीं उतरतीं, जिससे हादसे बढ़ते हैं। वाहनों की संख्या में हो रही तेजी से बढ़ोतरी भी हादसों का बड़ा कारण है। भारत में हर साल लाखों नए वाहन पंजीकृत होते हैं। बढ़ते ट्रैफिक के कारण सड़कों पर दबाव बढ़ रहा है, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। बढ़ते शहरीकरण के बावजूद, भारत में यातायात प्रबंधन प्रभावी नहीं है।

ट्रैफिक पुलिस की संख्या कम है, और मौजूदा तकनीकी साधनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो रहा है। ट्रैफिक जाम, गलत पार्किंग और अनियंत्रित क्रॉसिंग हादसों की संभावना को बढ़ाते हैं। सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी भी एक बड़ा कारण है। स्कूलों और सामुदायिक स्तर पर सड़क सुरक्षा की शिक्षा को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाता। लोग अक्सर यह नहीं समझ पाते कि सड़क पर छोटी-छोटी गलतियां बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं ।

कड़े नियम और उनका पालन- सरकार को यातायात नियमों को और सख्त बनाना चाहिए और उनका पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्ती बरतनी चाहिए।

बेहतर सड़क निर्माण- सड़कों के निर्माण और मरम्मत में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना चाहिए। जागरूकता अभियान- स्कूल, कॉलेज, और मीडिया के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए।

ट्रैफिक प्रबंधन में सुधार- ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ानी चाहिए और नई तकनीकों जैसे सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल बढ़ाना चाहिए। वाहन फिटनेस जांच- वाहनों की समय-समय पर फिटनेस जांच अनिवार्य करनी चाहिए। सड़क हादसे केवल एक सांख्यिकी समस्या नहीं हैं, बल्कि हर हादसा एक परिवार को गहरे दर्द में डालता है। यह सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें। यदि हम यातायात नियमों का पालन करें और जागरूकता बढ़ाएं, तो इस गंभीर समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

**विशाल विकास संस्था ग्रुप की एक विशेष पहल जनहित में जारी।**

## सीआईआई. यंग इंडियन्स चौप्टर जबलपुर ने दृष्टिबाधित बच्चों के लिए आईण्टीप्सी वेलकम होटल में ब्रेल लिपि मेनू के साथ लंच का आयोजन किया




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर में अपनी तरह की पहली उल्लेखनीय पहल के तहत सीआईआई. यंग इंडियंस वाई आई चैप्टर जबलपुर ने दृष्टिबाधित बच्चों को आई.टी.सी. के वेलकम होटल में दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया। बच्चों को विशेष रूप से डिजाइन किया गया ब्रेल मेनू प्रदान किया गयाए जिससे वे बिना किसी सहायता के स्वतंत्र रूप से भोजन का ऑर्डर कर सकें।

इस विचारपूर्ण पहल की जबलपुर के माननीय महापौर श्री जगत बहादुर सिंह ने सराहना कीए जिन्होंने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से इस पहल की शोभा बढ़ाई। महापौर ने समावेशिता की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की। यंग इंडियंस चौप्टर जबलपुर के अध्यक्षीय पदाधिकारी श्री नवांशु जैन और श्री अनमोल ग्रोवर ने वाई. आई. की सुगम्यता पहल के तहत सार्वजनिक स्थानों को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अधिक सुगम्य बनाने की अपनी योजनाओं के बारे में महापौर को जानकारी दी। इस पहल के समर्थन में श्री जगत बहादुर सिंह ने आश्वासन दिया कि उनका कार्यालय यंग इंडियन्स चौप्टर जबलपुर के प्रयासों का समर्थन करेगा। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया कि शहर का हर रेस्तरां

दृष्टिबाधित नागरिकों के लिए समावेशी वातावरण बनाने के लिए ब्रेल लिपि मेनू अपनाए । सीआईआई. यंग इंडियंस चैप्टर जबलपुर जबलपुर में समावेशिता और सुगम्यता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सार्थक कदम उठाता रहेगा।

## सेलेकॉर गैजेट्स लिमिटेड ने एयर कंडीशनर निर्माण को मजबूत करने के लिए ईपैक ड्यूरेबल के साथ साझेदारी की

मुबंई (आरएनएस) भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांडों में से एक, सेलेकॉर गैजेट्स लिमिटेड , ने लिविंग अप्लायंसेस स्पेस में एक प्रमुख मूल डिजाइन निर्माता और मूल उपकरण निर्माता, ईपैक ड्यूरेबल के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य ईपैक ड्यूरेबल की उन्नत विनिर्माण क्षमताओं और तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाकर सेलेकॉर गैजेट्स लिमिटेड के एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो को बढ़ाना है। ईपैक ड्यूरेबल उपभोक्ता ड्यूरेबल सामान उद्योग में एक विश्वसनीय नाम है, जो अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं, नवीन अनुसंधान एवं विकास प्रक्रियाओं और लंबवत एकीकृत विनिर्माण क्षमताओं के लिए जाना जाता है। दो दशकों से अधिक के विशेषज्ञता के साथ, ईपैक एयर कंडीशनर और अन्य उपकरणों के लिए अनुकूलित समाधान प्रदान करने में माहिर है, जो अपने भागीदारों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसका आईएसओ-प्रमाणित अनुसंधान एवं विकास केंद्र और व्यापक परीक्षण आधारभूत संरचना ऊर्जा-कुशल, टिकाऊ और उच्च-प्रदर्शन वाले उपकरणों के उत्पादन को सुनिश्चित करते हैं।

इस सहयोग के हिस्से के रूप में, ईपैक सेलेकॉर-ब्रांडेड एयर कंडीशनर की एक श्रृंखला का निर्माण करेगा, जिसमें प्रीमियम सेगमेंट में पूरी तरह से नए स्व्य शामिल हैं, जैसे कि 1-टन, 1.5-टन और 1.8-टन मॉडल। इन प्रीमियम एयर कंडीशनरों में अत्याधुनिक शीतलन प्रौद्योगिकियां, आकर्षक आधुनिक डिज़ाइन और ऊर्जा-कुशल सिस्टम होंगे जो भारतीय घरों में उन्नत जीवन समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं।

यह सहयोग उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में एक घरेलू नाम बनने की सेलेकॉर की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ईपैक ड्यूरेबल के साथ साझेदारी करके, सेलेकॉर विश्वसनीय, नवीन और स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों को वितरित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है जो %मेक इन इंडिया% पहल के अनुरूप हैं।

इस साझेदारी के माध्यम से विकसित सेलेकॉर एयर कंडीशनर की बढ़ी हुई रेंज जल्द ही बाजार में आने की उम्मीद है, जो उन्नत सुविधाएँ और मजबूत डिज़ाइन प्रदान करती है जो भारतीय उपभोक्ताओं के लिए आराम और शीतलन दक्षता को फिर से परिभाषित करती है।

## रेलवे यूनियन मान्यता चुनाव में करारी हार के बाद लाल झंडा यूनियन का छिना ऑफिस, प्रतिनियुक्ति भी समाप्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे यूनियन मान्यता चुनाव में ( लाल झंडा यूनियन) करारी हार के बाद रेलवे ने पश्चिम-मध्य रेलवे एम्पलाइज यूनियन की कई सुविधाएं वापस ले ली हैं। जबलपुर मुख्यालय ने मंगलवार को इसके आदेश जारी कर दिये है । उप मुख्य कार्मिक अधिकारी संजय कुमार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मान्यता चुनाव हारने वाली यूनियन का कार्यालय, प्रतिनियुक्ति, सीयूजी सिम तथा कार्ड पास आदि की सुविधाएं रोकी जाती । इस आदेश के बाद एम्पलाइज यूनियन को अब सभी जगह से अपना ऑफिस खाली करना होगा। साथ ही प्रतिनियुक्ति पर मौजूद यूनियन पदाधिकारी को नौकरी पर भी जाना होगा। जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है । इस नए आदेश के बाद अब यूनियन पदाधिकारियों को कार्ड पास की सुविधा भी नहीं मिल सकेगी। साथ ही यूनियन पदाधिकारियों को जारी मोबाइल फोन की सीयूजी सिम भी रेलवे को वापस करनी होगी। इसके साथ ही कोई भी मीटिंग भी नही करेगो प्रषासन । ' उल्लेखनीय है कि 4, 5 और 6 दिसंबर को रेलवे संगठनों के मान्यता प्राप्त हुए थे। इस चुनाव में एम्पलाइज यूनियन को मान्यता नहीं मिली। जब कि मजदूर संघ अपनी मान्यता बरकरार रखने में कामयाब रही। मान्यता के कर्मचारी संगठनों को कुल वैध मतों के करीब 35 प्रतिशत वोट हासिल करना जरुरी थे। पूरे जोन में कुल 51 हजार 260 में से 45 हजार 177 कर्मचारियों ने वोट डाले थे। इसमें से रेलवे मजदूर संघ को 17 हजार 682 वोट मिले थे। संघ का मत प्रतिशत 40.01 रहा था।


## सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बोर्ड ने प्रमोटर समूह को परिवर्तनीय वारंट आवंटित करने की अनुमति दी

मुबंई (आरएनएस) रसायन और फार्मास्युटिकल व्यवसाय में एक प्रमुख नाम, सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड , ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने प्रवर्तक समूह के सदस्यों श्री हेमल वी मेहता और श्री सचिन वी मेहता को अधिमान्य आधार पर 9,00,000 परिवर्तनीय वारंट के आवंटन को मंजूरी दे दी है।

इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि इसके बोर्ड ने इश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के 2,09,100 इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण करने की मंजूरी दे दी है, जो कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 51.00त्न है, और शेयर खरीद समझौते में प्रवेश करेगी। अधिग्रहण पूरा होने पर, इश्वरी हेल्थकेयर कंपनी की सहायक कंपनी बन जाएगी।

इश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड एक प्रगतिशील और नवोन्मेषी कंपनी है जो प्रतिस्पर्धी कीमतों पर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बेहतर सेवाएं, उपयोगकर्ता के अनुकूल और अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा डिस्पोजेबल और उपकरण प्रदान करके विश्व बाजार में सेवा करने के लिए समर्पित है। नवीनता और रचनात्मकता की भावना के साथ प्रौद्योगिकी का सबसे अच्छा उपयोग करते हुए, इश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड वैश्विक ग्राहकों की जरूरतों को अधिक प्रभावी और कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए विश्व स्तरीय उत्पाद प्रदान करती है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि इसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन / विभाजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, अर्थात् 1 शेयर को 10 शेयरों में उप-विभाजित करना।

सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एसपीआईएल) रसायन और फार्मास्युटिकल उद्योगों में एक प्रमुख नाम बन गया है। इसके प्रवर्तकों, श्री हेमल वी. मेहता और श्री सचिन वी. मेहता के नेतृत्व में, जिनके पास संयुक्त रूप से 25 वर्षों से अधिक का उद्योग अनुभव है, एसपीआईएल ने विशेष रसायनों और थोक दवाओं में एक मजबूत आधार स्थापित किया है। एक एकीकृत रासायनिक और फार्मास्युटिकल कंपनी बनाने के उनके दृष्टिकोण ने कंपनी के विकास को बढ़ावा दिया है और विश्वसनीयता और नवाचार की प्रतिष्ठा का निर्माण किया है। एसपीआईएल फार्मास्युटिकल और रासायनिक उद्योगों के विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है, जिसमें विशेष रसायन और मध्यवर्ती पर ध्यान केंद्रित किया जाता है,



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना लार्डगंज में किशोर प्रसाद टेमरे उम्र 56 वर्ष निवासी उखरी रोड़ जीवन कालोनी कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बबई गोल्डन ट्रांसपोर्ट उखरी रोड़ में काम करता है दिनांक 30-11-24 को हमारे ट्रांसपोर्ट में आर्डिनेंस कम्पनी के नाम से मुम्बई से 15 नग लोहे की सरिया आई थी डिलेवरी नहीं होने से ट्रांसपोर्ट के खुले मैदान में ही रखी थी दिनांक 8-12-24 को रात लगभग 9 बजे ट्रांसपोर्ट बंद हो गया था। दिनांक 9-12-24 की सुवह लगभग 10 बजे ट्रांसपोर्ट आया देखा कि एक सरिया वजनी लगभग 2 क्विंटल कीमती लगभग 25 हजार रूपये की गायब थी

# पति से अफेयर के शक में पड़ोसन की हत्या, सहेली गंभीर, महिला ने किया चाकू से हमला


## अफेयर की बात पर पति और पत्नी के बीच विवाद हो गया था-महिला लड़की की जान लेने का प्लान बनाकर निकली थी

### दोनों को चाकू मारने के बाद मालिकी पत्नी हो गई फरार

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में पति से प्रेम संबंध के संदेह पर एक महिला ने एक युवती की हत्या कर दी। घटना में युवती की सहेली भी घायल है। दोनों युवतियां, आरोपित महिला के पति के कंसट्रक्शन कंपनी में काम करती थी। घटना के बाद आरोपित महिला शिखा मिश्रा फरार है।

पुलिस उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। माढ़ोताल के बजरंग नगर निवासी अनिका मिश्रा (33) का शव पीएम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया है। उसकी घायल सहेली करमेता प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सोनम रजक (26) गंभीर रूप से घायल है। वह निजी अस्पताल भर्ती है।अमखेरा निवासी ब्रजेश मिश्रा एक कंसट्रक्शन कंपनी के संचालक हैं। उसकी कंपनी में बजरंग नगर निवासी अनिका मिश्रा और प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सोनम रजक कर्मचारी हैं। संचालक की पत्नी शिखा को संदेह था कि उसके पति ब्रजेश का कार्यालय में काम करने वाली अनिका के साथ प्रेम संबंध है।

इस बात को लेकर मंगलवार को



अनिका मिश्रा की मौत हो गई।



सोनम रजक हमले में घायल।

पति-पत्नी में विवाद हुआ था। बुधवार को ब्रजेश सुबह घर से गुस्से में निकल गया। दोपहर तक उसका फोन बंद था। इस पर पत्नी का संदेह गहराने लगा, उसे लगा कि ब्रजेश, अनिका से मिलने गया है, इसलिए फोन बंद रखा है। उसमें बदले की भावना भड़क गई।

शिखा, पति को रंगे हाथ पकड़ने के लिए बुधवार को उसकी तलाश में कंसट्रक्शन साइट पर पहुंची। जहां, पर अनिका मिली। शिखा ने अनिका से कुछ बातचीत की और उसे अपने साथ चलने को कहा। उसके बाद शिखा, अनिका को लेकर प्रोफेसर कालोनी निवासी सोनम रजक के घर गई। जहां, पर वह सोनम के सामने अनिका और ब्रजेश के संबंध में प्रश्न करने लगी। शिखा के आरोपों पर अनिका ने विरोध किया तो वह भड़क गई। दोनों में विवाद के साथ हाथापाई होने लगी।

पति के विवाहोत्तर संबंधों से आक्रोशित शिखा, अनिका के प्राण लेने की योजना बनाकर घर से निकली थी। उसने अपने पर्स में चाकू छिपाकर रखा था। सोनम के घर पर जब उसका अनिका से विवाद हुआ तो चाकू निकाल लिया। अनिका के पेट पर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर दिए। सोनम ने रोकने का प्रयास किया। इस पर शिखा ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया।

आरोपित शिखा मोपेड पर सवार होकर आयी थी। उसी मोपेड पर वह अपने साथ अनिका को लेकर सोनम के घर आयी थी। उसने जैसे ही चाकू से हमला किया तो अनिका चीख पड़ी। सोनल की भी चिल्लाने लगी। युवतियों की चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। इस बीच आरोपित शिखा घर से बाहर निकली और मोपेड में सवार होकर फरार हो गई। आसपास के लोग जब घर के अंदर पहुंचे तो दोनों युवतियों को गंभीर रुप से घायल अवस्था में देखा। पुलिस को सूचित किया और दोनों युवतियों को लेकर पास के एक निजी अस्पताल में गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही अनिका की मौत हो गई। चाकू के वार से सोनम खून बह रहा था। स्थिति गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती किया गया है।



# भाजयुमो जबलपुर ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

## भ्रामक जानकारी प्रसारित करने का लगाया आरोप

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जबलपुर महानगर द्वारा कांग्रेस द्वारा भ्रामक और एडिटेड वीडियो डालकर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति गलत जानकारी फैलाने के विरोध में कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला दहन, अंबेडकर चौक में किया गया।भाजपा महामंत्री पंकज दुबे एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर बाबा साहब के अपमान का आरोप लगाया ।

युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ता गुरुवार शाम अंबेडकर चौक पर एकत्रित हुए। उन्होंने यहां जोरदार प्रदर्शन किया और राहुल गांधी व कांग्रेस का पुतला फूंका।

योगेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा गृहमंत्री अमित शाह के बयान को तोड़ मरोड़ कर गलत ढंग से बयां कर रही है। राहुल गांधी ने बुजुर्ग सांसद को धक्का देकर गिरा दिया और गिरने से उनको चोट लग गई। उन्होंने कहा कि चोट लगने के बाद राहुल गांधी ने उनसे माफी नहीं मांगी। देश के युवाओं में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कभी भी वरिष्ठ और बुजुर्ग नेताओं का सम्मान नहीं किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा,संविधान और डॉ. भीमराव अंबेडकर का सम्मान भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार किया जा रहा है। लेकिन यह बात कांग्रेस और उनके नेताओं को स्वीकार नहीं हो रही है। अपनी हताशा और निराशा में वे भाजपा नेताओं पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। भाजयुमो इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान भाजपा महामंत्री पंकज दुबे, एम आई सी सदस्य राम सोनकर,हरीश ठाकुर, मानव घनघोरिया,रौनक अग्रवाल निक्की रजक,शुभम अरिहंत,श्री कांत वर्मा, रविन्द्र तिवारी,गोपाल गुप्ता,अनिकेत रावत,अंकित फ्रांसिस,दीपक मंगलानी,हर्षित राय,शुभम रजक,वैभव चौरसिया,असगर अंसारी,बलराज सोनकर, अशोक रोहिताश,अंकित पांडे,शिवांश गौतम साहिल समुद्रे आदि उपस्थित थे।

### मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर। थाना हनुमानताल में आज दिनेश चौरसिया उम्र 55 वर्ष निवासी जैन मंदिर के पीछे फूटाताल रोड हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 11-45 बजे उसके घर आकर साहिल, अभिषेक और छंगू उर्फ धीरज उसे आवाज देकर बाहर बुलाये बोले कि दिनेश मुझे शराब पीने के लिये पैसे दे, उसने पैसे देने से मना किया तो इसी बात पर धीरज उसे गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों मिलकर उसे हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे

## रिटायर्ड अधिकारी के अंधे हत्याकांड का खुलासा

# किराए का कमरा देखने पहुंचे युवक ने बुजुर्ग की गर्दन पर मारे चाकू

## हत्या में इस्तेमाल चाकू और बाइक बरामद-पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर जिले के माढोताल थाना क्षेत्र में एक वृद्ध की हत्या के मामले ने पुलिस को हिलाकर रख दिया था। घटना ने न केवल पुलिस महकमे को बल्कि पूरे शहर को भी चौंका दिया था। यह घटना 15 दिसंबर 2024 की है। वृद्ध संतोष कुमार चौबे का शव उनके घर में खून से सना हुआ पाया गया। पुलिस ने अपनी पूरी ताकत लगाकर इस अंधे हत्याकांड का खुलासा किया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 15 दिसंबर 2024 को पुलिस को इस हत्या की सूचना मिली, तो तुरंत माढोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार और उनकी टीम घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना देने वाले संजय चौबे ने बताया कि उनके पिता संतोष चौबे की गर्दन में चोट के निशान थे। उनका खून से सना हुआ शव पाया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस ने एफएसएल टीम, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया। घटना स्थल का बारीकी से जांच करने के बाद मर्ग कायम कर लिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह साफ हो गया कि संतोष चौबे की मौत धारदार और नुकीली चीज से गर्दन में लगी चोट के कारण हुई। उसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान शुरू की। आरोपियों ने मुंह में कपड़ा बांधकर वारदात को अंजाम दिया था, जिससे उनका पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो गया था। फिर भी पुलिस ने आसपास के करीब 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों का पता लगाने में सफलता हासिल की।

# पुरानी रंजिश के चलत युवक पर प्राणघातक हमला

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना माढोताल में आज दिनांक 19-12-24 को विनय कोल उम्र 26 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती मरही माता मंदिर के पास माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मजदूरी करता है दिनांक 18-12-24 की रात लगभग 9 बजे वह तथा उसका छोटा भाई करन कोल एवं अनुराग कोल, कार्तिक कोल हम सभी मरघटाई के अंदर आग जलाकर ताप रहे थे उसी समय पुरानी बस्ती बुंदेला बाबा के पास रहने वाला साहिल उर्फबिट्टू कोल मरघटाई के अंदर आया और उसके भाई करन कोल को पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज करने लगा , करन ने गालियां देने से मना किया तो साहिल उर्फबिट्टू ने करन को जान से मारने की नियत से चाकू से कमर के ऊपर वायें तरफ मारा जिससे उसका भाई करन वहीं गिर गया हम

# अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 2 आरोपी गिरफ्तार, 305 पाव देशी शराब एवं एक्सिस जप्त

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना प्रभारी बेलबाग श्री प्रवीण कुमरे ने बताया कि रात्रि में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति रामलीला मैदान में अवैध रूप से एक नीले रंग की एक्सिस में 2 सफेद प्लास्टिक की बोरी में भारी मात्रा में शराब लिये खड़े हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई

रामलीला मैदान के पास एक नीले रंग की एक्सिस के पास 2 व्यक्ति सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरियां लिये खड़े थे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा नाम पता पूछने पर अपने नाम दुर्गेश सोनी उम्र 23 वर्ष निवासी मरही माता झण्डा चौक हनुमानताल एवं अजय राजपूत उम्र 22 वर्ष निवासी सिविल लाईन बताये जिन्हें सूचना से अवगत कराते हुये दोनों बोरियों की तलाशी लेने पर कुल 305 पाव देशी शराब कीमती लगभग 30 हजार रूपये की होनी पायी गयी। आरोपियों के कब्जे से 305 पाव देशी शराब एवं एक्सिस क्रमांक एमपी 20 यू ए 5905 जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय भूमिका- शराब जप्त करने में प्रधान आरक्षक कवीन्द्र पटैल, शेर सिंह, सतीश तिवारी, आरक्षक अजीत, प्रकाश की सराहनीय भूमिका रही।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.**

**लोककर्म विभाग**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 403 19/12/2024 2024_ UAD 388951_1 | संभाग क्रं. -14 अंतर्गत सरस्वती कॉलोनी दुर्गा मंदिर में नाला निर्माण कार्य। | 03 माह<br>रू. 13.90 लाख | 2000/-<br>10425/- | 02.01.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री , संभाग क्रं. 14 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/223 जबलपुर दिनांक 19.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री पवन नौगरैया, पिता- श्री अशोक नौगरैया** ने मकान नं. 3734/187 आर, **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000348108, क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 2050 व.फु., 242 व.फु. कच्चा टीन शेड, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/222 जबलपुर दिनांक 19.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती शैल बन्दवार, पति- श्री बी.एन.बन्दवार,** ने मकान नं. 2014/110 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000349609, क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 987 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/221 जबलपुर दिनांक 19.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती दीपिका सोनी, पति- श्री रितेश सोनी, 2. श्री रितेश सोनी, पिता- श्री शिव प्रसाद सोनी,** ने खसरा नं. 193/8/1क/16 **वार्ड पं.दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000351162, क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 700 व.फु. स्वयं रहवास, 100 व.फु. कामर्शियल स्वयं, प्रथमतल 500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/220 जबलपुर दिनांक 19.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अभिषेक सोनी, पिता- स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद सराफ** ने मकान नं. 68/1 **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद,** पिन नं. 1002149553, क्षेत्रफल 534 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**


### अचल सिंह गौर बने क्रिकेट मैच के आब्जर्वर



जबलपुर- वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी एवं जहांगीराबाद क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष अचल सिंह गौर को मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन द्वारा हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी इंटर डिवीजनल क्रिकेट प्रतियोगिता के शहडोल में 20 दिसंबर से आयोजित सागर संभाग और शहडोल संभाग के मध्य खेले जाने वाले मैच का आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। श्री गौर की नियुक्ति पर वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी सुरेश वर्मा, नरेश सचदेव, सुभाष नायडू, मनोज शर्मा, सुधीर संघी, डाक्टर दरयानी और अनिल सोनी गुल्लन आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।


**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 137 2024-2025 दिनांक 18/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती मीना सराफ, पति- सत्यप्रकाश सोनी (सराफ)** ने भवन क्रमाक 2159/1, संपत्ति कर/ पिन नं.1000433928 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - 1. रागनी बाई किन्नर, 2. अंगूरी बाई किन्नर, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकबा 2082 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 136 2024-2025 दिनांक 18/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती मीना सराफ, पति- सत्यप्रकाश सोनी (सराफ)** ने भवन क्रमाक 2622/2 डी का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं.1000430771 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -रागनी (किन्नर), पिता- गुरू फूलमती किन्नर **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 3217 व.फु., निर्मित भूतल 700 व.फु. आर.सी.सी.+ 200 व.फु. टीन शेड, प्रथमतल 400 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/184 दिनांक 19.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री संजय कुमार अग्रवाल, पिता- स्व. श्री बाबूलाल अग्रवाल एवं श्रीमती किरन अग्रवाल, पति- श्री संजय कुमार अग्रवाल** ने मकान नं. 2968/पी 105 , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 720 व.फु., भूतल 720 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 09.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती हेमलता सोनकर, पति- अनिल सोनकर** ने भवन/ क्रमांक 331/क-6, **वार्ड खेरमाई वार्ड,** भूतल 1500 व.फु., 500 व.फु. स्वयं कर्मर्शियल, प्रथमतल 1800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 331/क-6, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 306 दिनांक 19.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री अविनाश फरसोइया, पिता- श्री एस.के. फरसोइया, 2. श्रीमती स्मिता फरसोइया, पति- श्री अविनाश फरसोइया,** ने मकान नं. प्लाट नं. 257 , सम्पत्ति पिन नं. 1003261209, **वार्ड विवेकानंद वार्ड** , क्षेत्रफल 1500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 305 दिनांक 19.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अशोक कुमार कुशवाहा, पिता- स्व. श्री सीताराम पटेल** ने मकान नं. 287 , सम्पत्ति पिन नं. 1000607697, **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 850 व.फु., प्रथमतल 512 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, न्यायालय आदेश,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 304 दिनांक 19.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री कुलदीप कुमार राय, पिता- स्व. श्री रमेश कुमार राय,** ने मकान नं. प्लाट नं. 231 , सम्पत्ति पिन नं. 1003262049, **वार्ड कमला नेहरू-19 वार्ड ,** क्षेत्रफल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999